संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, मंगलवार, 24 अक्टूबर 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive






राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 17 अंकः 284 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड










# 'न्यायिक प्रक्रिया से मोहभंग का खतरा'

= मुकदमों का फैसला आने में देरी पर अदालत की बड़ी टिप्पणी, लंबित मामलों के तेज निपटारे पर सुप्रीम कोर्ट का जोर

**टिप्पणी**

8 लंबित मामलों को निपटाने और सुनवाई टालने के तरीकों पर अंकुश लगाने के लिए सक्रिय कदम उठाएं



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**सुप्रीम** कोर्ट ने कहा है कि लंबित मामलों को निपटाने और सुनवाई टालने के तरीकों पर अंकुश लगाने के लिए सक्रिय कदम उठाए जाने की तत्काल आवश्यकता है। जस्टिस एस रवींद्र भट और जस्टिस अरविंद कुमार की पीठ ने दिए गए आदेश में जिला और ब्लाक स्तर की सभी अदालतों को समन की तामील कराने, लिखित बयान दाखिल करने, दलीलों को पूरा करने, याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार या इन्कार करने की रिकार्डिंग और मामलों के त्वरित निपटारे आदि के निर्देश दिए।

**5 साल से अधिक समय से लंबित सिविल मामलों की सुनवाई पर सुप्रीम कोर्ट की तेजीः** पीठ ने पांच साल से अधिक समय से लंबित पुराने मामलों की लगातार निगरानी के लिए संबंधित राज्यों के मुख्य न्यायाधीशों द्वारा समितियों के गठन का भी निर्देश दिया। न्यायालय ने कहा कि लोग न्याय की आस में अपने वाद दायर करते हैं, इसलिए सभी हितधारकों को यह सुनिश्चित करने की बड़ी जिम्मेदारी है कि न्याय मिलने में देरी के कारण इस प्रणाली में लोगों का विश्वास कम न हो।

## कानून व्यवस्था ने भी 'ऐतिहासिक गलतियों' को कायम रखा'

**टीम एक्शन इंडिया/न्यूयॉर्क**
**देश** के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि हाशिए पर मौजूद सामाजिक वर्गों के खिलाफ हुई ऐतिहासिक गलतियों को कायम रखने में, दुर्भाग्य से कानून व्यवस्था ने भी अहम भूमिका निभाई है। अमेरिका में मैसाच्युसेट्स की ब्रांडेस यूनिवर्सिटी में 'डॉ. बीआर अंबेडकर की अधूरी विरासत' पर छठे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य न्यायाधीश ने ये बात कही। अपने संबोधन में भारत के चीफ जस्टिस ने कहा कि 'इतिहास में हाशिए पर छूटे सामाजिक वर्गों को खिलाफ सामाजिक असमानता, पूर्वाग्रह और शक्ति के असंतुलन के चलते कई ऐतिहासिक गलतियां हुईं।

## 'मुकदमे के बाद मौखिक दलीलें तुरंत सुनी जाएंगी'

**आदेश** में कहा गया है कि मुकदमे के बाद मौखिक दलीलें तुरंत और लगातार सुनी जाएंगी और निर्धारित अवधि के भीतर फैसला सुनाया जाएगा। न्यायालय ने यह आदेश यशपाल जैन की याचिका पर दिया, जिन्होंने एक दीवानी मुकदमे में उत्तराखंड हाई कोर्ट के 2019 के आदेश को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। वहां एक स्थानीय अदालत में 43 साल पहले शुरू हुआ यह मामला अब भी जारी है। पीठ ने हाई कोर्ट के आदेश को रद्द कर दिया।

# हिमनद झीलों के खतरों का पता लगाएगी केंद्र सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्र** सरकार हिमनद झीलों से होने वाले खतरे का पता लगाने की तैयारी कर रही है। केंद्र सरकार राज्यों के सहयोग से जमीनी सर्वेक्षण के जरिये देश में सभी हिमनद झीलों के खतरे का पुनर्मूल्यांकन करेगी। हिमनद झील बाढ़ (जीएलओएफ) के बारे में जानकारी का प्रसार करने के लिए निगरानी प्रणाली स्थापित की जाएगी।



**सिक्किम में आई विनाशकारी बाढ़ के बाद लिया गया फैसलाः** यह निर्णय इस महीने की शुरूआत में भारी बारिश के कारण सिक्किम के ल्होनक झील में उफान से आई विनाशकारी बाढ़ के बाद लिया गया है। बाढ़ के कारण कम से कम 60 लोगों की मौतें हुईं और व्यापक क्षति भी हुई। इसके कारण चुंगथांग बांध भी नष्ट हो गया, जिसे तीस्ता-3 बांध के रूप में भी जाना जाता है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के सूत्र ने कहा, देश में हिमनद झीलों की संवेदनशीलता का व्यापक मूल्यांकन आवश्यक है। इन झीलों के बारे में हमारी वर्तमान समझ मुख्य रूप से 'रिमोट सेंसिंग' (सुदूर संवेदन) पर आधारित है।

# 'नवंबर में आयोजित होगी भारत-अमेरिका की 2+2 बैठक

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**विश्व** के कई हिस्से में फैली अशांति के बीच, भारत और अमेरिका 9-10 नवंबर के आसपास नई दिल्ली में 2+2 बैठक आयोजित करने वाले हैं। अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड जे ऑस्टिन और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन राष्ट्रीय राजधानी में विदेश मंत्री एस जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात करने वाले हैं।

**2018 में हुई थी पहली बैठकः** सूत्रों ने बताया कि बैठक के दौरान नेताओं के इजरायल-हमास युद्ध के कारण मध्य पूर्व में उभरती स्थिति सहित वैश्विक और क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा करने की उम्मीद है। 2+2 मंत्रिस्तरीय संवाद एक राजनयिक शिखर सम्मेलन है, जो 2018 में शुरू हुई थी और हर साल शुरू में विदेश मंत्री और भारत के रक्षा मंत्री के साथ संयुक्त राज्य अमेरिका के राज्य सचिव और रक्षा सचिव के बीच चर्चा के लिए आयोजित किया जाता है।



**चर्चा होगी**

8 अमेरिकी रक्षा सचिव और विदेश मंत्री एंटनी विदेश मंत्री एस जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ से मिलेंगे

# भारत के महान स्पिनर बिशन सिंह बेदी का निधन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
भारत के पूर्व क्रिकेटर बिशन सिंह बेदी का निधन हो गया है। वह 77 साल के थे। बेदी ने भारत के लिए कुल 77 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले थे। इस दौरान उन्होंने 273 विकेट झटके थे। बेदी को भारतीय टेस्ट इतिहास के बेहतरीन स्पिनरों में माना जाता है। उन्होंने अपने दम पर देश को कई मैच जिताए थे। बिशन सिंह बेदी के बेटे का नाम अंगद बेदी और बहु का नाम नेहा धूपिया है। ये दोनों भारतीय फिल्म जगत में जाना-माना नाम हैं। बेदी ने भारत के लिए 1966 से 1979 तक टेस्ट क्रिकेट खेला था। वह भारत की मशहूर स्पिन चौकड़ी का हिस्सा रहे हैं। उनके अलावा इसमें इरापल्ली प्रसन्ना, श्रीनिवास वेंकटराघवन और भागवत चंद्रशेखर थे।

# आपराधिक कानूनों के बदले तीन नए बिलों को अंगीकार करेगी संसदीय समिति

**मंथन होगा**

8 भारतीय दंड संहिता, सीआरपीसी और साक्ष्य अधिनियम के तीन आपराधिक कानूनों को हटाने पर बैठक करेगी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**गृह** मामलों की स्थायी संसदीय समिति इसी हफ्ते 27 अक्टूबर को भारतीय दंड संहिता, सीआरपीसी और साक्ष्य अधिनियम के तीन आपराधिक कानूनों को हटाने पर बैठक करेगी। इस दिन उनके स्थान पर तीन नए बिलों भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य बिल को अंगीकार किया जाएगा। नई दिल्ली के पीएचए-एक्सटेंशन के कमरा नंबर-2 में 27 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे यह बैठक होगी।

**मसौदा रिपोर्ट पर किया जाएगा विचारः** भारतीय न्याय संहिता-2023 की 246 मसौदा रिपोर्ट, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 247 मसौदा रिपोर्ट और भारतीय साक्ष्य विधेयक-2023 की 248 मसौदा रिपोर्ट पर विचार कर उसे अंगीकार किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने मंडी जिला के 3800 आपदा प्रभावितों को वितरित किए 31 करोड़ रुपये

# 16 हजार आपदा प्रभावितों का पुनर्वास करेगी राज्य सरकार

**टीम एक्शन इंडिया/मंडी/ खेमचंद शास्त्री**
**मुख्यमंत्री** ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पुनर्वास योजना के तहत जिला मंडी के 3800 आपदा प्रभावित परिवारों को प्रथम चरण में पहली किश्त के रूप में 31 करोड़ रुपए की धनराशि आबंटित की। विशेष राहत पैकेज के तहत उन्होंने पूरी तरह से क्षतिग्रस्त घरों के पुनर्निर्माण के लिए पहली किश्त के रूप में 3.3 लाख रुपए तथा अन्य प्रभावितों को मुआवजे की पूरी धनराशि प्रदान की। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार हिमाचल प्रदेश इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदी से गुजर रहा है। कभी कल्पना भी नहीं की थी कि ऐसी तबाही आएगी। उन्होंने इस तबाही को स्वयं देखा और इसे युद्ध की तरह लडने का फैसला किया। इस अभूतपूर्व चुनौती का सामना करने के लिए सभी मंत्रियों और विधायकों, प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस व अन्य कर्मचारियों ने एकजुटता का परिचय दिया। प्रदेश में फं से 75 हजार पर्यटकों को एक मिशन के रुप में सुरक्षित निकाला गया। 48 घंटों में बिजली, पानी और अन्य आवश्यक सुविधाओं को अस्थाई रूप से बहाल किया। आपदा से प्रदेश में 12000 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। इसके साथ-साथ राजस्व को भी हानि हुई।



**मदद**

8 क्षतिग्रस्त घरों के पुनर्निर्माण के लिए 3.3 लाख की प्रथम किश्त जारी, हिमाचल सबसे बड़ी त्रासदी से गुजर रहा




# दमघोंटू: दिल्ली में 300 के पार पहुंचा एक्यूआई

## बढ़ते प्रदूषण को लेकर पर्यावरण मंत्री ने अधिकारियों के साथ की बैठक, ग्रेप दो के सभी प्रविधानों को सख्ती से लागू करने के निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**

**दिल्ली** का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआइ) बहुत खराब श्रेणी में पहुंचने और ग्रेप का दूसरा चरण को लेकर पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने सोमवार को संबंधित विभागों की बैठक बुलाई। दोपहर 12 बजे बुलाई गई इस बैठक में ग्रेप दो के सभी प्रविधानों को सख्ती से क्रियान्वित करने के साथ-साथ एहतियात के तौर पर उठाए जाने वाले कदमों पर चर्चा की गई।

**दिल्ली में 300 के पार पहुंचा एक्यूआई:** पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने इस दौरान वायु प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए कई फैसले लिए। उन्होंने बताया कि दिल्ली में सर्दी बढ़ने और हवा की स्पीड कम होने से एक्यूआइ 300 के पार पहुंच गया है। दिल्ली का एक्यूआइ 300 के पार यानी 'बहुत खराब' होने के मद्देनजर सीएक्यूएम ने ग्रेप दो लागू करने का निर्देश दिया है। इसी को ध्यान में रखते यह बुलाई गई थी। सभी संबंधित 28 विभागों के साथ मिलकर बैठक की है। ग्रेप दो के सभी प्रविधानों पर विचार विमर्श हुआ। इस दौरान कई अहम निर्णय लिए गए।

**मुख्य बातें-**

- 13 हॉट स्पॉट के अलावा आठ और ऐसी जगहों की पहचान की गई है जहां एक्यूआइ ज्यादा रहता है। जैसे-शादीपुर, आइटीओ, सोनिया विहार, मंदिर मार्ग, मेजर ध्यानचंद स्टेडियम आदि
- इन सभी जगहों पर स्पेशल टीम निगरानी करेगी। जो भी कारण हैं, उनकी पहचान कर उन्हें दूर करने का काम किया जाएगा
- सभी डीसी को निर्देश दिया गया है कि 25 अक्टूबर को वे ग्राउंट पर विजिट करेंगे और प्रदूषण की रोकथाम के लिए किए जा रहे उपायों में तेजी लाएंगे
- पानी के छिड़काव में धूल दबाने वाला पाउडर मिलाया जाएगा ताकि ज्यादा देर तक प्रदूषण थमा रहे
- दिल्ली में चल रहे डीजी सेटस की भी निगरानी शुरू की जाएगी। जो नियमों का पालन नहीं कर रहे, उन पर कार्रवाई की जाएगी





### सावधानी बरतें

8 मेट्रो की फ्रीक्वेंसी को बढ़ाया जाएगा। मेट्रो के फेरे बढ़ाए जाएंगे। डीटीसी को भी अधिक बसें उतारने के लिए निर्देश दिया गया

- यातायात जाम वाले -91 प्रमुख बिंदुओं को लेकर ट्रैफिक पुलिस को निर्देश दिया गया है कि यहां पर प्रदूषण कम करने के लिए प्रयास करे और डीपीसीसी को रिपोर्ट भी दे
- मेट्रो की फ्रीक्वेंसी को बढ़ाया जाएगा। यानी मेट्रो के फेरे बढ़ाए जाएंगे। डीटीसी को भी अधिक बसें उतारने के लिए निर्देश दिया गया है।
- आज हमने सभी विभागों के सचिवों को बुलाया था, लेकिन कोई भी नहीं आया। मेरा उन सभी से निवेदन है कि मौजूदा समय में सक्रिय हो जाएं, क्योंकि उनकी सक्रियता के बगैर नीचे के स्तर पर काम नहीं हो पाएगा
- दिल्लीवासियों को भी मोर्चा संभालना पड़ेग
- केवल सरकार के भरोसे ही प्रदूषण से जंग जीतना संभव नहीं है। इसके लिए सभी का सामूहिक सहयोग चाहिए
- पहले की तरह पेड मार्शल या होमगार्ड नहीं होंगे। पिछले साल एलजी ने मंजूरी नहीं दी थी।
- विधायक, पार्षद और विभाग जनता के साथ मिलकर यानी पर्यावरण मित्रों की मदद से ऐसा करेंगे।

## बेहद खराब हुई दिल्ली-एनसीआर की हवा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**बेहद** खराब हो चुकी दिल्ली-एनसीआर की आबोहवा में सुबह-शाम सैर व खुले में व्यायाम करने से सांस की बीमारियां बढ़ सकती हैं। इसके अलावा ब्लड प्रेशर बढ़ने और हार्ट अटैक का भी खतरा है। इस वजह से इन दिनों बेहद खराब हवा के बीच सुबह-शाम सैर और खुले में व्यायाम सेहत के लिए घातक और जानलेवा साबित हो सकता है। इसलिए डॉक्टरों ने सलाह दी है कि इन दिनों सुबह-शाम सैर और खुले में व्यायाम बंद कर दें। एम्स के कार्डियोलाजी विभाग के प्रोफेसर डा. राकेश यादव ने कहा कि यह अध्ययनों में साबित हो चुका है कि प्रदूषण से जितना फेफड़े को नुकसान होता है उतना ही हृदय के लिए भी घातक है।

**हार्ट अटैक का भी है खतरा:** प्रदूषण अधिक होने पर कुछ लोगों का ब्लड प्रेशर अचानक बढ़ जाता है।



पीएम 2.5 या उससे छोटे कण सांस के जरिये फेफड़े से होते हुए धमनियों में पहुंचते हैं। इस वजह से धमनियों में ब्लाकेज होता है, जो हार्ट अटैक का कारण बन सकता है। दिल की पुराने बीमारियों से पीड़ित मरीजों के प्रदूषित वातावरण में रहने से हृदय खराब (हार्ट फेल्योर) होने का खतरा बढ़ जाता है। हृदय खराब होने पर उसकी कार्य क्षमता कम हो जाती है। इसलिए दिल के पुराने मरीजों, सांस के मरीजों व बुजुर्गों को अधिक सतर्क रहने की जरूरत है। यदि दिल की बीमारी का लक्षण बढ़ता है और किसी तरह की परेशानी हो तो तुरंत अस्पताल जाना चाहिए। सर्दी के मौसम में सुबह व शाम को प्रदूषण का स्तर अधिक रहता है। इस वजह से सुबह सैर पर न जाएं। घर में व्यायाम करना चाहिए।

**प्रदूषण से बचाव के तरीके**

सुबह शाम सैर पर न करें
घर में अगरबत्ती, धूपबत्ती, लकड़ी इत्यादि न जलाएं
घरों की खिड़कियां बंद रखें
घर से बाहर निकलने पर एन 95 व पी 100 मास्क का इस्तेमाल करें
मास्क के बगैर घर से बाहर न निकलें
ठंडी चीजें न खाएं

# 'जी20 वृक्षारोपण समारोह: जी20 ने दुनिया से जोड़ा'




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने सोमवार को दिल्ली के नेहरू पार्क में जी20 वृक्षारोपण समारोह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 'चाणक्यपुरी में रहते हुए, जब आपके महामहिम इन पेड़ों को आपके आसपास के क्षेत्र में बढ़ते हुए देखेंगे तो आपके उत्तराधिकारी इन पेड़ों को अपनी पूरी महिमा के साथ बढ़ते हुए देखेंगे। वहीं, विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने भी दिल्ली के नेहरू पार्क में जी20 वृक्षारोपण समारोह को संबोधित किया। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि लगभग तीन सप्ताह पहले 'मैं संयुक्त राष्ट्र महासभा के लिए न्यूयॉर्क में था। मुझे आपके साथ साझा करना चाहिए कि जी20 काफी हद तक बातचीत का विषय था। बहुत से लोग अभी भी थोड़ा आश्चर्यचकित थे कि जी20 ऐसा कर सकता है मजबूत स्थिति और गहरे मतभेदों को दूर करें। कई अन्य देशों ने भी

### समारोह

8 विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने भी दिल्ली के नेहरू पार्क में जी20 वृक्षारोपण समारोह को संबोधित किया

जी20 में अफ्रीकी संघ की स्थायी सदस्यता पर विशेष संतुष्टि व्यक्त की। लेकिन कुल मिलाकर वैश्विक कूटनीति में यह भावना थी कि इस जी20 ने वास्तव में सबसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर बहुत ठोस रूप से काम किया है। यह जी20 अधिकांश लोगों की अपेक्षा से कहीं बेहतर रहा।'

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि आज हमारे पास संतुष्ट होने के दो कारण हैं। एक तो अंतरराष्ट्रीय राजनीति में बहुत कठिन समय में वैश्विक कूटनीति की समग्रता में, वास्तव में जी20 वैश्विक नेतृत्व के सकारात्मक पक्ष में एक बड़ा प्लस था।

# डेंगू के बढ़ते मामलों पर एलजी ने जताई चिंता, मच्छरों का प्रजनन रोकने के निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** में लगातार तापमान में गिरावट के बाद बावजूद भी डेंगू के मामले बढ़ रहे हैं, जिसको लेकर उपराज्यपाल ने ट्वीट कर चिंता जाहिर की है और मुख्य सचिव, एनडीएमसी अध्यक्ष सहित स्वास्थ्य अधिकारियों से भी बात की है।

**एलजी ने अधिकारियों को दिए निर्देश:** उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर चिंता जाहिर करते हुए लिखा, तापमान में गिरावट के बावजूद दिल्ली में डेंगू के बढ़ते मामले और अस्पतालों में भर्ती होने वालों आंकड़े चिंताजनक हैं। मैंने मुख्य सचिव, एनडीएमसी अध्यक्ष, एमसीडी आयुक्त और सचिव (स्वास्थ्य), जीएनसीटीडी से बात की और उन्होंने युद्ध स्तर पर स्वच्छता और मच्छरों के प्रजनन को कम करने के लिए निर्देश दिए हैं। साथ ही डिस्पेंसरी और अस्पतालों में पर्याप्त सुविधाएं सुनिश्चित करने को भी कहा। मैं लोगों से सभी दिल्लीवासियों से आवश्यक एहतियाती कदम उठाने की अपील करता हूं।



# जीएनसीटीडी के 27 अधिकारियों के प्रमोशन को एलजी ने दी मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने गवर्नमेंट ऑफ नेशनल कैपिटल टेरिटरी ऑफ दिल्ली (जीएनसीटीडी) के वित्त विभाग में लेखा संवर्ग के विभिन्न ग्रेड में 27 अधिकारियों की पदोन्नति को मंजूरी दे दी है। इसमें 13 वरिष्ठ लेखा अधिकारी शामिल हैं, जो वर्तमान में तदर्थ आधार पर उप लेखा नियंत्रक के रूप में कार्यरत हैं। इन्हें अब चार अक्तूबर से वेतन स्तर 11 में इस पद पर नियमित कर दिया गया है।

इसके अलावा 14 अन्य वरिष्ठ लेखा अधिकारियों को भी तत्काल प्रभाव से नियमित आधार पर उप लेखा नियंत्रक के पद पर पदोन्नत किया जाएगा। गौरतलब है कि सक्सेना कार्यभार संभालने के बाद से ही सरकारी कर्मचारियों के लिए समय पर पदोन्नति और नियुक्तियों के साथ-साथ पदोन्नति में तदर्थवाद की व्यवस्था को खत्म करने पर जोर दे रहे हैं।

### तत्काल प्रभाव

8 13 वरिष्ठ लेखा अधिकारी शामिल हैं, जो वर्तमान में तदर्थ आधार पर उप लेखा नियंत्रक के रूप में कार्यरत हैं

# डांट से नाराज कर्मी ने की ढाबा मालिक और उनके बेटे की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राजधानी** के नबी करीम इलाके में ढाबा कारोबारी और उनके छह वर्षीय बेटे की गला काट कर हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने सोमवार को बताया कि नबी करीम इलाके में दोहरे हत्याकांड के आरोपी को टीम ने पंजाब से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान सोनू निवासी मुजफ्फरपुर बिहार के रूप में हुई है, जो कि ढाबे पर एक कर्मचारी के रूप में काम करता था।

**मालिक की डांट और मारपीट से नाराज था कर्मी:** पुलिस के अनुसार, आरोपी ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि उसने अनुज और उनके बेटे की हत्या इसलिए की, क्योंकि मालिक ने उसे डांटा था। जिससे वह नाराज था और उसने मालिक की हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि सोनू ने कथित तौर पर अनुज और रौनक की गला काटकर हत्या की थी। पुलिस के मुताबिक, उन्हें घटना की जानकारी देने के लिए एक पीसीआर कॉल से मिली थी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम को ढाबा अंदर से बंद मिला। ढाबे में घुसने पर उन्होंने देखा कि अनुज और रौनक खून से लथपथ पड़े हैं और उनका गला कटा हुआ है।



**वारदात के बाद फरार होने पर हुआ पुलिस को शक:** पुलिस ने कहा कि सोनू को अक्टूबर की शुरूआत में अनुज ने काम पर रखा था, लेकिन एक बार किसी मुद्दे पर अनुज ने उसकी पिटाई कर दी थी, जिसके बाद उसके मन में मालिक के प्रति गुस्सा पैदा हो गया। घटना वाले दिन भी अनुज ने सोनू को डांटा था, जिसके बाद सोनू ने इस दोहरे हत्याकांड को अंजाम दिया।

# युवक पर दो आरोपितों ने चाकू से हमला किया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दक्षिणी** दिल्ली के मालवीय नगर थाना इलाके में लड़की के साथ पार्क में लड़की के साथ बैठे युवक पर दो आरोपितों ने चाकू से हमला कर दिया। हमले में घायल युवक को इलाज के लिए एम्स के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस के अनुसार, रविवार को दोपहर करीब तीन बजे मालवीय नगर इलाके से चाकूबाजी के संबंध में एक पीसीआर कॉल मिली थी। मौके पर पहुंची टीम को एक युवक घायल अवस्था में मिली। घायल की पहचान 20 वर्षीय फैज अली पुत्र आसफ अली निवासी खिड़की एक्सटेंशन के रूप में हुई है।

**कॉल रिकॉर्ड न दिखाने पर किया हमला:** युवक ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वह एक लड़की के साथ पार्क में बैठा था। इसी दौरान लड़की का भाई कैफी मलिक और उसका एक अफगानी साथी पार्क में आ गए। इसके बाद उन्होंने युवक से पूछा की वह लड़की के साथ क्यों बैठा है और उन्होंने फिर उसकी कॉल रिकॉर्ड देखने के लिए मोबाइल मांगा, जिस पर युवक मोबाइल देने से इनकार कर दिया। इसके बाद आरोपित मलिक और हारुन में पीड़ित के कंधे, पीठ और हाथ पर चाकू से वार कर दिया और मौके से फरार हो गए।

### जांच जारी

8 हमले में घायल युवक को इलाज के लिए एम्स के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है

# महिला प्रोफेसरों से प्रेग्नेंसी समेत मांगी कई जानकारी

## दिल्ली विश्वविद्यालय में निजी डेटा को लेकर मचा बवाल?

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**दिल्ली** विश्वविद्यालयों के शिक्षकों ने असिस्टेंट प्रोफेसरों के डेटा मांगने को लेकर आपत्ति जताई है। दिल्ली विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद, अकादमिक परिषद और डूटा कार्यकारी के 11 सदस्यों ने डीयू के कुलपति योगेश सिंह को पत्र लिखा है। पत्र में कहा गया कि ऐसा डेटा केवल असिस्टेंट प्रोफेसरों से ही क्यों मांगा जा रहा है?

**प्रेग्नेंसी समेत मांगी गई यह जानकारी:** दरअसल सभी स्तर पर असिस्टेंट प्रोफेसरों से वोटर-आईडी नंबर, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र, महिला शिक्षकों की गर्भावस्था जैसे निजी जानकारी मांगी जा रही है। डेटा को लेकर डीयू के कुलपति को लिखे पत्र में कहा गया कि जिस तरह से डेटा मांगा गया है, उससे चुनाव ड्यूटी के लिए इस्तेमाल किए जाने की पूरी आशंका पैदा हो गई है। शिक्षकों ने कहा है कि शिक्षकों को चुनाव में शामिल करने का कोई भी प्रयास छात्रों के हित में नहीं होगा। 11 अक्टूबर को लिखे पत्र में शिक्षकों ने यह भी उल्लेख किया है कि इस तरह के डेटा संग्रह के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। क्या यह नोडल अधिकारी अन्य एजेंसियों के साथ समन्वय की सुविधा प्रदान करेगा? पत्र में आगे कहा गया कि यह यूजीसी द्वारा अनुमोदित और भारत के राजपत्र में प्रकाशित सेवा शर्तों का उल्लंघन है। दिल्ली विश्वविद्यालय ने यह भी स्वीकार किया कि दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षक कभी भी चुनाव-संबंधी कर्तव्यों में शामिल नहीं थे क्योंकि दिल्ली विश्वविद्यालय एक स्वायत्त संस्था है और राज्य सरकार के दायरे में नहीं आती।



**जानकारी मांगने को लेकर मांगा स्पष्टीकरण:** शिक्षकों ने कुलपति से विश्वविद्यालय के संबंधित कार्यालय को यह स्पष्ट करने का निर्देश देने को कहा कि यह जानकारी क्यों एकत्र की जा रही है।

विश्वविद्यालय के शिक्षकों को चुनाव संबंधी कर्तव्यों में शामिल करने का कोई भी प्रयास छात्रों के हित में नहीं है।

### बवाल

8 असिस्टेंट प्रोफेसरों से वोटर-आईडी नंबर, महिला शिक्षकों की गर्भावस्था जैसे निजी जानकारी मांगी जा रही

# चावड़ी बाजार में तीन मंजिला इमारत में लगी भीषण आग

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

दिल्ली के चावड़ी बाजार में स्थित एक इमारत की तीसरी मंजिल पर स्थित एक गोदाम में सोमवार सुबह भीषण आग लग गई। हालांकि, अभी इस हादसे में किसी भी हताहत की सूचना नहीं मिली है। दमकल अधिकारी के अनुसार, सोमवार सुबह करीब पौने दस बजे चावड़ी बाजार स्थित एक गोदाम में आग लगने की सूचना मिली। सूचना मिलने पर आग पर काबू पाने के लिए दमकल की चार गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दमकल कर्मियों ने कुछ ही घंटों में आग पर काबू पा लिया। गोदाम में लगी आग से लाखों का माल जलकर राख हो गया है। अधिकारी ने बताया कि आग लगने के पीछे का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है।

### कोई हताहत नहीं

8 दमकल कर्मियों ने कुछ ही घंटों में आग पर काबू पा लिया। गोदाम में लगी आग से लाखों का माल जलकर राख हो गया

उन्होंने बताया कि स्थानीय पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इससे पहले राष्ट्रीय राजधानी के गांधीनगर इलाके में गुरुवार सुबह एक एयर कंडीशनिंग कंप्रेसर मरम्मत कंपनी के बेसमेंट गोदाम में आग लग गई। समय पर मौके पर पहुंची दमकल की तीन गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया। आग से एसी के सारे कंप्रेसर जल गए।

**प्रदूषण की मार**

ग्रैप के दूसरे चरण के नियम धूल व धुएं के गुबार में उड़ रहे हैं, कई जगहों पर खुले में कूड़ा जलता दिखाई दिया तो कहीं पर सड़कों में धूल का गुबार उठता नजर आया

# धूल-धुएं के गुबार में उड़ रहे हैं ग्रैप नियम, राजधानी में छाई है धुंध, एक्यूआई 306

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राजधानी** की हवा बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गई है। प्रदूषण से निपटने के लिए ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रैप) का दूसरा चरण लागू कर दिया गया है। राजधानी में प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए उठाए जा रहे कदमों का जायजा लेने पर हालात चौकाने वाले नजर आए। ग्रैप के दूसरे चरण के नियम धूल व धुएं के गुबार में उड़ रहे हैं। कई जगहों पर खुले में कूड़ा जलता दिखाई दिया तो कहीं पर सड़कों में धूल का गुबार उठता नजर आया। राजधानी में अभी धुंध छाई है और सवेरे का एक्यूआई 306 दर्ज किया गया है। सबसे ज्यादा लापरवाही निर्माण सामग्री ले जा रहे ट्रक व कूड़ा जलने को लेकर बरती जा रही है। कई जगह सड़क किनारे खुले में निर्माण सामग्री को डाला जा रहा है। इससे सड़कों पर धूल उड़ रही है। यही नहीं नियमों को ताक पर रखकर निर्माण स्थलों के बाहर ही बेखौफ होकर सामग्री की लोड़िग-अनलोडिंग भी की जा रही है। ईदगाह के तिराहे, रानी झांसी रोड, आईटीओ की मुख्य सड़क, आरके पुरम सेक्टरर-एक कॉलोनी, दिलशाद गार्डन व शास्त्री पार्क समेत कई इलाकों की सड़कों के किनारे कूड़ा जलता दिखा।



**बेखौफ होकर कूड़ा जला रहे लोग:** ईदगाह तिराहे व रानी झांसी रोड में लोग बेखौफ होकर कूड़ा जला रहे हैं। इससे आसपास के क्षेत्र में धुआं-धुआं दिखा। यही नहीं सड़क किनारे कूड़े के जलने से आने-जाने वाहन चालकों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रानी झांसी रोड के पास डीडीए फ्लैट में रहने वाले निवासी यश कहते हैं कि यहां रोज सुबह कूड़े पर आग लगा दी जा रही है। उन्होंने बताया कि यह स्थिति बीते तीन-चार दिनों से है। इससे यहां शाम के समय लोगों को अधिक परेशानी हो रही है। वहीं, ईदगाह के पास दुकानदार मोहित ने बताया कि यह रविवार सुबह से जल रही है। जिससे दोपहर तक धुआं निकल रहा है।

वह कहते हैं कि उन्होंने इसकी शिकायत दिल्ली सरकार के पोर्टल में भी की है। इसके बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जामिया नगर, ओखला रोड, जामिया नगर पुलिस थाने के सामने ही धूल के गुबार उड़ते दिखे। यहां तक ही पुलिसकर्मी भी इस समस्या से परेशान हैं। जामिया नगर के निवासी मोहम्मद शाजिम ने बताया कि कई बार इस धूल को लेकर निगम पार्षद व विधायक से शिकायत की गई है। यही नहीं सोशल मीडिया में भी मुहिम चलाई गई, लेकिन उसके बावजूद कोई कार्रवाई अब तक नहीं हुई है। वह कहते हैं यहां से बिना मास्क पहने निकला दूभर है। वहीं, ओखला रोड निवासी रिजवान कहते हैं कि क्या केवल मुख्य इलाकों की सड़क पर ही ग्रैप के नियम लागू हो रहे हैं।

## निर्माण सामग्री को बिना ढके ट्रक से ले जा रहे

**सरोजनी** नगर में राजमाता विजयराजे सिंधिया मार्ग के पास निर्माण सामग्री लादे कई ट्रक बिना ढके आवाजाही करते नजर आए। यहां किसी भी ट्रक में तिरपाल लगा नजर नहीं आया। इसी तरह का हाल नेताजी नगर में भी देखने को मिला। जैसे ही ट्रक तेजी से चल रहे थे, तो उन से धूल धीरे-धीरे उड़ती दिखाई दी। इससे इनके पीछे आने वाले वाहनों को धूल का सामना करना पड़ रहा है। यहां कोई भी एंटी स्मॉग गन का भी उपयोग होता नजर नहीं आया। नेताजी नगर में लाल बिल्डिंग में रहने वाले अमित यादव कहते हैं कि निर्माण कार्य हो तो रहा है, लेकिन नियमों का कोई पालन नहीं कर रहा है। इससे बच्चों से लेकर बुजुर्गों को अधिक परेशानी हो रही है।

**रेस्तरां-ढाबों में कोयले से पक रहा खाना :** पुरानी दिल्ली के कई रेस्तरांओं व छोटे ढाबों में अब भी कोयले से खाना बन रहा है। इससे निकलने वाला धुआं आस-पास से गुजरने वालों के लिए परेशानी का सबब बन रहा है। मीर दर्द रोड पर खुले में ही कोयले में खाना पकाते कई रेस्तरां संचालक दिखे। मीर दर्द रोड में सरकारी फ्लैट में रहने वाले दीपक दुबे कहते हैं कि नियम लागू हो गए हैं, लेकिन इसका असर देखने को नहीं मिल रहा है। यह लोग खुले में ही खाना कोयले में ही बना रहे हैं। इन लोगों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

# संदीप गर्ग ने लाडवा हल्के की गर्भवती महिलाओं के लिए शुरू की नि:शुल्क एम्बुलेंस सेवा

## जरूरतमंद गर्भवती महिला को घर से ले जाने व उसकी डिलिवरी नि:शुल्क करवाई जाएगी: संदीप गर्ग



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/ लाडवा (दलबीर मलिक)** लाडवा हल्के के नेता एवं प्रसिद्व समाजसेवी संदीप गर्ग ने सोमवार को लाडवा अनाजमंडी में अपने कार्यालय का हवन कर शुभारंभ किया। वहीं रक्षाबंधन पर्व पर नेता संदीप गर्ग द्वारा लगभग सात हजार महिलाओं से राखी बंधवाई थी। जिसका उपहार आज नेता संदीप गर्ग ने लाडवा हल्के की गर्भवती जरूरतमंद महिलाओं को सौगात के रूप में दिया। उन्होंने एक एंबुलेंस चलाकर लाडवा हल्के की जो गर्भवती महिलाएं हैं, जिनके परिजनों के पास उनका इलाज करवाने के लिए पैसों का अभाव होता है उनके लिए एक एंबुलेंस सेवा शुरू की गई।

नेता संदीप गर्ग ने कहा कि लाडवा हल्के की लोगों की जरूरत को पूरा करना उनका कर्तव्य है और वह निरंतर इस कार्य में लगे हुए भी हैं। उन्होंने कहा कि दशहरे से एक दिन पूर्व लाडवा हल्के की उन जरूरतमंद गर्भवती महिलाओं के लिए न केवल एक एंबुलेंस की सुविधा शुरू की गई है। बल्कि यदि किसी महिला का अस्पताल में इलाज भी करवाना पड़ा तो वह उनकी ओर से करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिला को आदेश हॉस्पिटल में एंबुलेंस द्वारा लेकर जाया जाएगा और उसे वापस घर भी एंबुलेंस द्वारा ही लाया जाएगा। इतना ही नहीं यदि किसी गर्भवती महिला की नॉर्मल डिलीवरी होती है तब वह भी उनकी ओर से करवाई जाएगी और यदि किसी की ऑपरेशन द्वारा डिलीवरी होती है तो उसका भी वह स्वयं खर्च उठाएंगे। यह सौगात उन्होंने जो रक्षाबंधन पर्व पर लगभग सात हजार महिलाएं

**समाजसेवा**

**8 अभी तक लाडवा हल्के में 40 से भी अधिक स्वास्थ्य शिविर लगाए जा चुके हैं: संदीप गर्ग**

राखी बांधने आई है उस उपलक्ष्य में दी है। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा लाडवा हल्के में पहले भी एक एंबुलेंस चलाई जा रही है। जो लाडवा हल्के के मरीजों को मात्र 500 रूपए तक में चंडीगढ़ पीजीआई या लाडवा के आसपास के क्षेत्र में किसी भी छोटे-बड़े अस्पताल में पहुंचने का काम किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि उनकी ओर से अभी तक लाडवा हल्के में 40 से भी अधिक स्वास्थ्य शिविर लगाए जा चुके हैं। वहीं इससे पूर्व उन्होंने अपने नए कार्यालय में पंडित तुलसी नंद नौटियाल द्वारा हवन यज्ञ करवाकर अपने कार्यालय का भी शुभारंभ किया। मौके पर सुनील गर्ग, अंकुर गुप्ता, डा. हरविन्द्र कौर, अश्वनी जैन, प्यारा सिंह, विकास सिंघल, सुभाष गर्ग, अरविंद सिंघल, अजय सिंघल, सुरेन्द्र गुप्ता, वैभव चावला, गोपी चंद, सरपंच सोहन लाल, घनश्याम कम्बोज, कुंवर सिंघल, सुनील गर्ग, राजेश वर्मा, सुमित गर्ग, सरपंच कुलविन्द्र, अनुज बहलोलपुर, सरपंच सतीश कुमार, सोहन डूडी, नरेन्द्र धीमान, सतपाल धीमान, पार्षद गुरमीत कौर, पार्षद स्वाति चोपड़ा, सुमित, पार्षद शेर सिंह, पार्षद रविन्द्र सिंह, अमित कुमार, इमना कटारिया, संदीप गोयल सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# स. वल्लभ भाई पटेल जयंती पर रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम का होगा आयोजन

**एकता दिवस**

**8 रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में विद्यार्थियों, खिलाड़ियों के साथ-साथ सोसायटी के लोगों को भी शामिल किया जाए**



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
31 अक्तूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म जयंती व राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष में जिला स्तर पर व उपमंडल स्तर पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए ताकि समाज में संदेश जाए कि हम सब एक हैं। यह बात स्पेशल ऑफिसर (सीपी एंड ओ) सीएम ऑफिस पंकज नैन ने सोमवार को चंडीगढ़ से आयोजित वी.सी. के माध्यम से उपायुक्तों को कही। पंकज नैन ने वी.सी. के माध्यम से उपायुक्तों को अवगत करवाते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति 31 अक्तूबर को रन फॉर यूनिटी का आयोजन जिला स्तर पर किया जाता है। इसी कड़ी में इस वर्ष जिला स्तर के साथ-साथ उपमंडल स्तर पर भी प्रातः 7 से 8 बजे तक रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि रन फॉर यूनिटी कार्यक्रम में विद्यार्थियों, खिलाड़ियों के साथ-साथ सोसायटी के लोगों को भी इसमें शामिल किया जाए, महिलाओं की भी इसमें भागीदारी हो, इसको देखते हुए कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन करना है। उन्होंने यह भी कहा कि दोनो जगहों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में अधिक से अधिक भागीदारी होनी चाहिए ताकि समाज में एक अच्छा संदेश जाए कि हम सब एक हैं। वी.सी. के उपरांत उपायुक्त डा0 शालीन ने सम्बन्धित अधिकारियों की एक बैठक लेते हुए उन्हें कहा कि वी.सी. में जो दिशा-निर्देश मिले हैं, उनकी अनुपालना के तहत जिला स्तर पर व उपमंडल स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन हो और इसमें अधिक से अधिक प्रतिभागी शामिल हों। उन्होंने कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त को कहा कि वे कार्यक्रम के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर सम्बन्धित अधिकारियों की एक बैठक लेकर उन्हें कार्यक्रम की रूपरेखा देने बारे जानकारी दें। समाज के लोग भी इसमें शामिल हों, इसके लिये लोगों को जागरूक करें। मकसद रन फॉर यूनिटी का जिला व उपमंडल स्तर पर सफलतापूर्वक आयोजन करवाना है। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता, नगराधीश विश्वजीत सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी डा. संजीव सिंगला, डीआईपीआरओ धर्मेन्द्र कुमार, नायब तहसीलदार यशवंत के साथ-साथ अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# मुरलीधर डीएवी विद्यालय के छात्रों ने की रामलीला की शानदार प्रस्तुति

**राम पथ पर...**

**8 रामायण हमारी प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर है इसके आदर्शों का, इसकी नीतियों का हमें पालन करना चाहिए**



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
मुरलीधर डीएवी विद्यालय के प्रांगण में एक ओर कक्षा तीन से कक्षा 7 के छात्र-छात्राओं द्वारा राम लीला की सुंदर प्रस्तुति की गई जिसमें राम जन्म से लेकर सीता स्वयंवर श्री राम सीता लक्ष्मण वन गमन सीता हरण रावण वध एवं राज्य अभिषेक दर्शाते हुए हुए सभी छात्र छात्राओं ही अपने किरदार को बड़ी बखूबी निभाय। वही दूसरी और पूर्व प्राथमिक ब्लॉक के शिशु द्वारा विजयदशमी का पर्व बहुत ही हर्षोल्लास द्वारा मनाया गया। डॉ जी एस सिद्धू, चीफ ऑडिटर म्युनिसिपल कमेटी, अम्बाला और विद्यालय प्राचार्य एवं सहायक प्रबंधक अधिकारी, हरियाणा जोन-डी, डॉ राधा रमन सूरी मुख्य अतिथि के रुप में विद्यमान रहे। नर्सरी किडन गार्डन के शिशु रामायण के विभिन्न पात्रों की वेशभूषा में विद्यालय के वातावरण को रामायणमयी बना रहे थे। कक्षा प्रथम व द्वितीय के लिए लघु रामायण कथा का प्रसारण किया गया। जिसमें राम जन्म, स्वयंवर, वनवास, लक्ष्मण रेखा, सीता हरण, हनुमान मिलन अशोक वाटिका, लंका दहन, राम सेतु, लक्ष्मण मूर्छा, रावण वध, जैसे सभी महत्वपूर्ण दृश्यों को दशार्या गया था। राम -लीला व रामायण कथा के सभी दर्शक छात्रों ने इसका पूरा आनंद उठाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ राधा रमन सूरी ने सभी प्रतिभागी छात्रों को अपनी शर्तों को बखूबी निभाने पर बहुत-बहुत बधाई दी व दुर्गाष्टमी नवमी वह विजय दशमी की बधाई और शुभाशीष दी कि सभी छात्र अपने जीवन में सफलता प्रदान करे। मुझसे ऊंचा लक्ष्य हासिल करें। डॉ सूरी ने कहा कि रामायण के सभी पात्रों से हमें जीवन में कोई न कोई शिक्षा अवश्य मिलती है। उन्होंने कहा कि रामायण हमारी प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर है इसके आदर्शों का ,इसकी नीतियों का हमें पालन करना चाहिए व जीवन ग्रहण करना चाहिए।

# 250 ग्राम चरस सहित यूपी निवासी नशा तस्कर गिरफ्तार

**पानीपत,कमाल हुसैन**
पानीपत सीआईए टू पुलिस टीम ने नई सब्जी मंडी के पास यूपी निवासी एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 250 ग्राम चरस बरामद हुई। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर नरेंद्र ने बताया कि उनकी टीम रविवार को गश्त व जांच पड़ताल के दौरान नई सब्जी मंडी में मौजूद थी। टीम को इसी दौरान गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म का एक युवक जीटी रोड अनाज मंडी कट की और से पैदल नई सब्जी मंडी की तरफ आ रहा है। युवक के पास भारी मात्रा में नशीला पदार्थ होने की संभावना है।

# टी.बी. एवं कार्डियो पल्मोनरी सेंटर का विज करेंगे शिलान्यास



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** अम्बाला शहर के विधायक असीम गोयल नन्यौला ने कहा कि कल दोपहर 12 बजे हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज अम्बाला शहर में स्टेट इंस्टीच्यूट ऑफ टी.बी. एवं कार्डियो पल्मोनरी सेंटर का भूमि पूजन करते हुए शिलान्यास करेंगे। यह जानकारी उन्होंने कार्यक्रम स्थल का दौरा करते हुए दी। इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम के तहत जो कार्य किये जाने हैं, उस बारे भी सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। विधायक असीम गोयल ने बताया कि टेट इंस्टीच्यूट ऑफ टी.बी. एवं कार्डियो पल्मोनरी सेंटर उन्नत तकनीक से युक्त होगा तथा उत्तर भारत में यह अपनी तरह का पहला सेंटर होगा। इस अस्पताल में 100 बैड की सुविधा के साथ-साथ हृदय व सांस से सम्बन्धित जो बीमारियां हैं, उनका आधुनिक चिकित्सा उपकरणों के माध्यम से इलाज किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 25 अक्तूबर को हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री इस अस्पताल का शिलान्यास करेंगे। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश कि समारोह से पहले यहां पर जो भी आवश्यक कार्य एवं प्रबन्ध किये जाने हैं, उन्हें पूरा करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर सीएमओ डा. कुलदीप सिंह, पूर्व मेयर रमेश मल, पार्षद हितेष जैन, पार्षद अर्चना छिब्बर, पार्षद यतिन बंसल, संजीव गोयल टोनी, रितेश गोयल, गुरप्रीत साना, सुरिन्द्र ढींगरा, गुरविन्द्र सिंह माणकपुर, नवनीत भल्ला, अनिल गुप्ता, डा. हितार्थ, डा. सुखप्रीत, डा. संजीव सिंगला, डा. सीमा, डा. मयंक, डा.विपिन भंडारी, कार्यकारी अभियंता राज कुमार, एसडीओ दलबीर सिंह, पिंकू सूद सहित अन्य अधिकारी व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**मरीजों को राहत**

**8 टेट इंस्टीच्यूट ऑफ टी.बी. एवं कार्डियो पल्मोनरी सेंटर उन्नत तकनीक से युक्त होगा**

# कुवि में लूर नृत्य व हरियाणवी पॉप में कलाकार करेंगे धमाल

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र(दलबीर मलिक)** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 28 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलने वाले हरियाणा राज्य स्तरीय रत्नावली समारोह का आयोजन कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। चार दिनों तक चलने वाले इस समारोह में हरियाणवी संस्कृति की झलक सभी को देखने को मिलेगी। डॉ. दीपक राय बब्बर ने बताया कि 28 अक्टूबर को उद्घाटन सत्र के बाद ऑडिटोरियम हॉल सहित 6 मुख्य मंचों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समारोह के पहले दिन हरियाणवी लूर नृत्य व हरियाणवी पॉप पर विद्यार्थी कलाकार धमाल करेंगे। पहले दिन मुख्यत: ऑडिटोरियम हॉल में हरियाणा के रीति-रिवाज, लूर हरियाणवी डांस, सोलो डांस(महिला), पाप सांग हरियाणवी, आरके सदन में हरियाणवी भजन, ड्यूट रागनी प्रतियोगिता, ओपन एयर थियेटर में सोलो डांस (पुरुष), रागनी प्रतियोगिता, खुला मंच पर सांग प्रतियोगिता, सीनेट हॉल में भाषण प्रतियोगिता, हरियाणवी पगड़ी प्रतियोगिता आदि आयोजित किए जाएंगे।

# दशहरा महोत्सव में तनु और हिमानी ने दिया स्वच्छता का संदेश



**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला/बराड़ा (मनीष कुमार)** अंबाला जिले के बराडा में दशहरा महोत्सव के दौरान समाजसेवी दो बहनों तनु और हिमानी सभरवाल ने लोगो को स्वच्छता का संदेश दिया दोनों बहनों ने अपने साथियों के साथ दशहरा महोत्सव पर इस विशेष अभियान को चलाया एस एम एस स्कूल बरारडा की छात्रा
तनू सभ्रवाल ने बताया की वे पिछले नो वर्षो से सामाजिक कार्य से जुड़ी हुई है नए नए आइडिया के साथ लोगो को जागरूक कर रही हे।इन दिनों अंबाला सहित हरियाणा में अनेक लोग डेंगू रोग से ग्रस्त है उन्होंने कहा की डेंगू से रोकथाम के लिए सरकार वी स्वास्थ विभाग अपने सत्र पर कार्य कर रहा है लेकिन समाज में रह रहे प्रत्येक व्यक्ति का भी कर्तव्य है की छ भी जागरूक हो और डेंगू सहित अन्य बीमारियों को फैलने से रोके।पी एस सी जैन स्कूल बराडा में नोवी कक्षा की छात्रा हिमानी ने कहा की। डेंगू एक मच्छर जनित वायरल इंफेक्शन या डिजीज है। डेंगू होने पर तेज बुखार, सिरदर्द, मांसपेशियों एवं जोड़ों में दर्द, त्वचा पर चकत्ते आदि निकल आते हैं।

**अभियान**

**8 दोनों बहनों ने अपने साथियों के साथ दशहरा महोत्सव पर इस विशेष अभियान को चलाया**

# 'नशे के खिलाफ अभियान में समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी अति आवश्यक'

**जिला** पुलिस ने नशा तस्करों की सूचना देने तथा नशा छोड़ने वालो के लिए किया नम्बर जारी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि देश व समाज की तरक्की के लिए नशा जैसी समाजिक बुराई के खिलाफ जहां सामाजिक आंदोलन की जरुरत है वहीं समाज के प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी इस अभियान मे अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ जागरुकता के संदेश को हर घर की दहलीज तक पंहुचाकर लोगों को इस बुराई के दुष्परिणामों के बारे में अवगत कराना होगा। उन्होंने कहा कि लगभग प्रत्येक आपराधिक वारदात के साथ नशे का कंनेक्सन जुड़ा होता है इसलिए नशा व अपराध मुक्त समाज के लिए इस बुराई का पूरी तरह नष्ट होना जरुरी है। पुलिस अधीक्षक श्री सुरेन्द्र सिहं भोरिया ने कहा कि जिला पुलिस अपने स्तर पर नशे के खिलाफ अभियान चलाए हुए हैं जिसके तहत नशा तस्करों पर पूरी तरह शिंकजा कसा जा रहा है,वहीं नशे के खिलाफ लोगों को जागरुक करने के लिए सेमिनार व गोष्ठियां आयोजित कर लोगों को इस बुराई के बारे में जागरुक भी किया जा रहा है।

# पीएससी जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रामलीला का मंचन

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला/ बराड़ा (मनीष कुमार)** पीएससी जैन सीनियर सेकेंडरी स्कूल बराड़ा में हर्षो उल्लास से मनाया गया विजयदशमी का त्योहार ।इस अवसर पर छात्रों ने उत्साह पूर्वक रामलीला की प्रस्तुति की । भगवान श्री राम के रूप में नौवीं कक्षा की सौम्या ,लक्ष्मण के रूप में दसवीं कक्षा की वंशिका ,सीता के रूप में दसवीं कक्षा की जसप्रीत कौर, रावण के रूप में आठवीं कक्षा के समर तथा श्री राम भक्त हनुमान जी के रूप में छठी कक्षा के नितिन ने मुख्य भूमिका निभाई ।जिसमें सीता स्वयंवर ,सीता हरण, अशोक वाटिका श्री राम भक्त हनुमान जी द्वारा लंका दहन तथा प्रभु श्री राम द्वारा लंकापति रावण वध का दृश्य दिखाया गया इस प्रकार विजयदशमी के अवसर पर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया व सारा प्रांगण मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जयकारों से गूंज उठा ।



प्रिंसिपल माननीय श्रीमती अनामिका यादव जी ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए उन्हें बताया कि शिक्षा नैतिक मूल्यों पर आधारित होनी चाहिए जिससे हम अपने आने वाली पीढ़ी को मूल्यवान व चरित्रवान बना सके ।इस अवसर पर तत्क्षण आमंत्रित मुख्य अतिथि के रूप में जैन सभा के प्रधान माननीय श्रीमान नरेश कुमार जैन तथा जैन स्कूल के कैशियर श्रीमान बृजभूषण जैन सर सेक्रेटरी श्रीमान अशोक कुमार जैन सर व सदस्य अभय कुमार जैन ने पहुंच कर बच्चों को प्रोत्साहित किया

**मंचन**

**8 भगवान श्री राम के रूप में नौवीं कक्षा की सौम्या, सीता के रूप में दसवीं कक्षा की जसप्रीत कौर ने भूमिका निभाई**

# किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल में दशहरा पर कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**किडजी, किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल, सेक्टर -3 कुरुक्षेत्र में दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने छात्रों ने विभिन्न वेशभूषाओं में श्री राम,लक्ष्मण, सीता,भरत एवं हनुमान आदि के स्वरूप को धारण किया। बच्चों के कार्यक्रम को अतिथियों ने खूब सराहा। कार्यक्रम के शुरूआत से पहले विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष परमिंदर सिंह बाठ ने भगवान श्री राम जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया तथा उपस्थित जनों को श्री राम के विषय में बताते हुए न केवल उनके दिखाए हुए मार्ग पर चलने के लिए कहा अपितु कहा कि उनके नाम मात्र



लेने से ही व्यक्ति के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। हम सभी को श्री राम जी के गौरवशाली जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए, जिन्होंने अपने माता-पिता की आज्ञा का पालन करने के लिए न केवल राज-पाठ छोड़ा, बल्कि 14 वर्ष का वनवास भी काटा। उन्होंने विजयदशमी पर्व को बुराई पर अच्छाई की जीत बताते हुए कहा की प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में सदैव सच बोलते हुए अच्छे कर्म करने चाहिए ताकि समाज में अन्य लोग भी उनसे प्रेरणा ले सकें।

स्कूल प्रांगण में दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम आठवीं कक्षा की छात्राओं ने स्वागतम गीत प्रस्तुत किया। कक्षा नर्सरी के विद्यार्थियों ने 'राम जी की चाल देखो' पर बहुत ही सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया तथा जूनियर केजी के विद्यार्थियों ने 'विजयदशमी मनाएंगे' तथा 'सजा दो घर को गुलशन सा अवध में राम आए हैं' पर सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया । कक्षा पहली के विद्यार्थियों ने 'राम रे सबसे बड़ा तेरा नाम' पर डांडिया प्रस्तुत किया। कक्षा दूसरी के विद्यार्थियों ने 'रघुपति राघव राजा राम' पर नृत्य प्रस्तुत किया।कक्षा तीसरी तथा चौथी के विद्यार्थियो ने 'आई गिरी नंदिनी गाने' पर नृत्य प्रस्तुति दी।कक्षा चौथी के विद्यार्थी मन्नत, विहानी , दीपिका तथा सुरजोत ने 'मेरे घर राम आए हैं 'गीत पर तथा कक्षा सातवीं के छात्रों ने 'राम जी की निकली सवारी' पर बहुत अच्छा नृत्य प्रस्तुत किया। कक्षा छठी तथा सातवीं की विद्यार्थियों ने गुजराती गीत 'थारी मद मीठी बातें' पर गर्भा प्रस्तुत किया।

**मनमोहक प्रस्तुति**

**8 कक्षा छठी तथा सातवीं की विद्यार्थियों ने गुजराती गीत 'थारी मद मीठी बातें' पर गर्भा प्रस्तुत किया**

# जय भगवान शर्मा डीडी ने किया गायत्री चेतना केंद्र के प्रवेश द्वार का नारियल तोड़कर उद्घाटन

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** भारतीय जनता पार्टी वरिष्ठ नेता एवं पूर्व प्रत्याशी जय भगवान शर्मा डीडी ने नरकातारी रोड स्थित गायत्री चेतना केंद्र के प्रवेश द्वार का नारियल तोड़कर उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने गायत्री मंत्र का जाप किया और गायत्री परिवार द्वारा आयोजित हवन यज्ञ में आहुतियां डालकर आमजन के कल्याण और विश्व शांति की कामना की। आपको बता दें कि जय भगवान शर्मा डीडी ने अपनी स्वर्गीय माता श्रीमती दर्शना देवी की याद में इस भव्य प्रवेश द्वार का निर्माण कराया है, डीडी शर्मा की पूज्जनिय माता दर्शना देवी गायत्री परिवार से जुड़ी थीं, इस मौके पर गायत्री परिवार ने डीडी शर्मा को सम्मानित किया। पत्रकारों से बातचीत में जय भगवान शर्मा डीडी ने गायत्री परिवार का आभार व्यक्त किया, उन्होंने कहा कि गायत्री परिवार धर्म और कर्म के साथ आध्यात्मिकता का अनूठा केंद्र है, उन्होंने कहा कि गायत्री परिवार से करोड़ो सनातनी हिंदुओ की भावनाएं जुड़ी है। डीडी ने आश्वासन दिया कि वे भविष्य में भी गायत्री परिवार का सदस्य बनकर यहां धर्म और कर्म में भागीदार बनते रहेंगे।



## न्यूज फ्लैश

### इनक्रेड फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने 300 करोड़ तक के सुरक्षित अपरिवर्तनीय डिबेन्चर के सार्वजनिक निर्गम की घोषणा की

**चंडीगढ़।** इनक्रेड फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड (जिसेक पूर्व में केकेआर इंडिया फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के नाम से जाना जाता था), जो रिजर्व बैंक ऑफ इण्डिया के साथ पंजीकृत एक प्रणालीगत रूप से महत्वपूर्ण गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है, ने प्रत्याभूत, रेट किये गए, सूचीबद्ध, भुनाए जाने योग्य, गैर-परिवर्तनीय डिबेन्चर्स के सार्वजनिक निर्गम के लिए 11 अक्टूबर, 2023 को अपना सूचीपत्र दाखिल किया है, जिसका अंकित मूल्य 1,000 प्रत्येक है। यह निर्गम बुधवार, 25 अक्टूबर, 2023 को खुल रहा है जो मंगलवार, 7 नवंबर, 2023 को बंद होगा, जिसमें भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के निर्गम और (गैर-परिवर्तनीय प्रतिभूति) विनियम, 2021 यथा संशोधित (सेबी एनसीएस विनियमन) के अनुपालन में कंपनी के निदेशक मंडल या वित्त समिति द्वारा तय किए जाने के अनुसार शीघ्र बंद करने या विस्तारित करने का विकल्प है। क्रिसिल रेटिंग्स लिमिटेड द्वारा इन एनसीडी को क्रिसिल ए+/स्थिर (स्थिर आउटलुक के साथ क्रिसिल ए प्लस रेटिंग के रूप में उच्चारित) रेटिंग दी गई है। इनक्रेड फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के भूपिन्दर सिंह, पूर्णकालिक डायरेक्टर एवं चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफि सर ने इस अवसर पर कहा कि, ह्लहमने स्वयं को एक विविधतापूर्ण ऋणदान गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी के रूप में स्थापित किया है, जिसका बिजनेस मॉडल अत्याधुनिक तकनीक और विश्लेषण पर आधारित है और जो हमारी परिसंपत्ति की गुणवत्ता की मजबूती में परिलक्षित रिस्क मैट्रिक्स पर केन्द्रित है। यह क्रेडिट रिस्क और कलेक्शन्स के लिए एक आजमाए हुए दृष्टिकोण का परिणाम है। हम ऋणदान की प्रक्रिया को त्वरित, सरल और झंझट-मुक्त बनाने के लिए प्रौद्योगिकी और डेटा-साइंस का निरन्तर लाभ उठाते हैं। अब तक की हमारी वृद्धि का एक प्रमुख घटक हमारी देनदारियों की रणनीति की सफलता रही है, और एनसीडीस का यह सार्वजनिक निर्गम हमारे ऋण मिश्रण को और भी विविध बनाने तथा मजबूत करने में एक भूमिका निभाएगा।

### सोनाक्षी सिन्हा ने यूनिटी वन मॉल में किया कल्याण ज्वेलर्स के नए शोरूम का उद्घाटन

**पानीपत :** पानीपत के यूनिटी वन मॉल में कल्याण ज्वेलर्स के शोरूम के उद्घाटन के अवसर पर बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा की एक झलक पाने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा शहर थम सा गया।



कल्याण ज्वेलर्स ने इस लॉन्च के साथ हरियाणा राज्य में 5 स्थानों पर अपनी उपस्थिति बना ली है। बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा द्वारा उद्घाटन किए गए इस नए शोरूम में ग्राहकों को आभूषण डिजाइनों की एक विस्तृत श्रृंखला के साथ-साथ खरीदारी का एक शानदार अनुभव भी मिलेगा। कंपनी इस क्षेत्र में अपने ब्रांड पदचिह्न और परिचालन का लगातार विस्तार कर रही है, ताकि वृद्धि को बढ़ावा दिया जा सके और ब्रांड को हरियाणा के ग्राहकों के लिए अपेक्षाकृत अधिक सुलभ बनाया जा सके। बॉलीवुड स्टार सोनक्षी सिन्हा ने रोमांचित भीड़ को संबोधित करते हुए कहा, पानीपत में कल्याण ज्वेलर्स के इस शानदार नए शोरूम का उद्घाटन कर मुझे बेहद खुशी हो रही है। इस उल्लेखनीय अवसर का अंग बनना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मेरा मानना है कि कल्याण ज्वेलर्स के विभिन्न किस्म के शानदार कलेक्शन में गरिमा (ग्रेस) का अनोखा मिश्रण है और यह हमारे देश भर की विविध परंपराओं का सम्मान है। ग्राहकों की संतुष्टि के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ-साथ विश्वसनीयता और पारदर्शिता के स्तंभों पर तैयार इस प्रतिष्ठित ब्रांड की प्रतिनिधि बनना मेरे लिए गर्व की बात है।"

### वोल्वो कार इंडिया ने गुरुग्राम के ताऊ देवी लाल बायोडायवर्सिटी पार्क में 10केडब्ल्यूपी का सोलर पावर इनस्टॉल किया

**गुरुग्राम।** वोल्वो कार इंडिया ने गुरूग्राम मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (जीएमडीए) द्वारा संचालित ताऊ देवी लाल बायोडायवर्सिटी पार्क सेक्टर 52ए गुरूग्राम में 10 किलोवाट ऑफ ग्रिड सौर ऊर्जा प्रणाली स्थापित की है। सुधीर कुमार सिंघला, विधायक-गुरुग्राम द्वारा इसका उद्घाटन किया गया, सौर ऊर्जा प्रणाली पार्क के लगभग 2 एकड़ के पूरे क्षेत्र को बिजली देने की क्षमता रखती है। चौबीस घंटे बिजली प्रदान करने वाली ऑफ ग्रिड सौर ऊर्जा प्रणाली एक स्वतंत्र बिजली स्रोत है और किसी बाहरी बिजली आपूर्ति से जुड़ी नहीं है। इस स्थापना से कार्बन फुटप्रिंट में कमी आएगी जिसके परिणामस्वरूप सीओ 2उत्सर्जन में बचत होगी। वोल्वो कार इंडिया के कमर्शियल हेड कल्पित शिशोदिया ने कार्यक्रम में वोल्वो कारों का प्रतिनिधित्व किया। इसके अलावा, जीएमडीए, गुरुग्राम में शहरी पर्यावरण प्रभाग के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सुभाष यादव, आईएफएस, ने भी इस अवसर की शोभा बढ़ाई। वोल्वो कार इंडिया के प्रबंध निदेशक, ज्योति मल्होत्रा ने कहा।

# 'प्रदेश में आम आदमी पार्टी की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है'

**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत, कमाल हुसैन**
**आम आदमी पार्टी** के वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा रविवार को पानीपत में पहुंचे, वहां उन्होंने जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान कई परिवार अन्य पार्टियों को छोड़कर अपने समर्थकों के साथ आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के लोग लगातार आम आदमी पार्टी से जुड़ रहे हैं। प्रदेश में आम आदमी पार्टी की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि आज पानीपत जिले के गांव मूलभूत सुविधाओं के



लिए भी तरस रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा और कांग्रेस ने इस क्षेत्र के लोगों को ठगने का काम किया है। हमेशा चुनाव के समय यहां के लोगों को बरगलाने का काम करते हैं। अब हरियाणा के लोग समझने लगे हैं। आम आदमी पार्टी ही प्रदेश में एकमात्र विकल्प है। उन्होंने कहा पानीपत जिले की खस्ता हालत सड़कों के लिए खट्टर सरकार जिम्मेदार है। यहां के गांव की हालत बद से बदतर है। वहीं उन्होंने कहा कि भूपेंद्र हुड्डा ने विधानसभा में पानीपत के लोगों की आवाज कभी नहीं उठाई। इसके साथ खट्टर सरकार ने पानीपत के उद्योगपतियों को प्रदूषण के नाम पर परेशान करने का काम किया है। आज पानीपत की जनता खुद को ठगा महसूस कर रही है। उन्होंने कहा दूसरी तरफ खट्टर सरकार ने परिवार पहचान पत्र और प्रापर्टी आईडी के चक्कर में जनता को उलझाया हुआ है। आज प्रॉपर्टी आईडी और परिवार पहचान पत्र की वजह से गरीब परिवारों को राशन नहीं मिल रहा, बुजुर्गों और महिलाओं को पेंशन नहीं मिल रही। भाजपा ने जनता को दर दर की ठोकरें खाने के लिए मजबूर कर दिया है। उन्होंने कहा कि पूरे हरियाणा की जनता पुरानी पार्टियों से परेशान हो चुकी है। इससे पहले कांग्रेस और अब भाजपा-जजपा जनता की मेहनत का पैसा लूटने का काम कर रही है। हरियाणा की जनता बदलाव चाहती है। उन्होंने कहा कि पुरानी पार्टियों के राजनेताओं ने बस अपने घर भरने का काम किया है। उन्होंने कहा आम आदमी पार्टी एकमात्र पार्टी है जो अपने काम से जानी जाती है।

## राम की कथा अपने आप में भारतीय संस्कृति और संस्कारों की कथाः वीरेंद्र



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**
**अखिल भारतीय** राधा कृष्ण संकीर्तन मंडल द्वारा राम मंदिर, रामलीला ग्राउंड में चल रही भव्य राम कथा में कथा व्यास राजीव शास्त्री ने राम हनुमान की प्रथम भेंट, राम-सुग्रीव मित्रता एवं बाली वध आदि प्रसंग सुनाए।

कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स एमडी एवं समाजसेवी वीरेंद्र कादियान मौजूद रहे। आयोजन में पहुंचने पर उनका संस्था के पदाधिकारियों ने फूल मालाओं से स्वागत किया गया और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समाजसेवी वीरेंद्र कादियान ने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम राम की कथा अपने आप में भारतीय संस्कृति और संस्कारों की कथा है। जो पारिवारिक संबंधों के साथ सामाजिक विचारधारा का अप्रतिम उदाहरण है। इसका हर शब्द सामाजिक मर्यादा की सीख देता है।

## संत विवेकानंद विद्यापीठ पुरखास में धूमधाम से हुआ दशहरे पर्व का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर । पुरखास गांव स्थित** संत विवेकानंद विद्यापीठ में 16 से 23 अक्टूबर तक रामलीला का मंचन हुआ। इसके बाद स्कूल में सोमवार को विजयदशमी के उपलक्ष में रावण दहन कार्यक्रम में रावण का दहन किया गया। जिसमें विद्यालय के बाल कलाकारों ने रामायण के सभी पात्रों की भूमिका बहुत सुंदर व जीवंत ढंग से निभाई बच्चों ने अपने अभिनय के माध्यम से रामायण की शिक्षाओं को जीवन में धारण करने का आहवाहन किया` प्रधानाचार्य राजकुमार गुलिया ने बच्चों को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी तथा उनके द्वारा प्रस्तुत की गई रामलीला की प्रशंसा की` उन्होंने बताया



कि हमें भगवान राम की तरह अपने माता-पिता की आज्ञा का पालन करना चाहिए तथा यह भी सीख दी कि बुरे का अंत हमेशा बुरा ही होता है।

## बाइक की टक्कर से युवक की मौत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। कस्बा** असंध में युवक की सडक हादसे में मौत हो गई। हादसा रविवार देर शाम को उस समय हुआ, जब वह रोड क्रॉस कर रहा था। इस दौरान एक तेज रफ्तार बाइक चालक ने युवक को टक्कर मार दी। पुलिस ने सोमवार को शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों के हवाले कर दिया। मृतक के चचेरे भाई देवी प्रश्न ने बताया उसका चचेरा भाई 25 वर्षीय ललित कुमार पानीपत रिफाइनरी में प्राइवेट नौकरी करता था। वह रोजाना बस से ड्यूटी पर आता जाता था। रविवार को भी वह बस में ड्यूटी पर गया था। ललित ने गांव में आने से पहले उसके पास फोन किया था कि वह ड्यूटी से वापस आ रहा है, बाइक लेकर आ जाना। कुछ ही देर वह वह बस स्टैंड पर पहुंच जाएगा।

## आम आदमी पार्टी कार्यालय में हवन कर की क्षेत्र की सुख शांति की कामना

**टीम एक्शन इंडिया/राई । आम आदमी** पार्टी कार्यालय बहालगढ़ चौक में सोमवार को क्षेत्र की सुख शांति के लिए नवमी के उपलक्ष में हवन यज्ञ किया गया । हवन यज्ञ में आम आदमी पार्टी के शिक्षा सेल के जिला अध्यक्ष मास्टर सत्यनारायण आंतिल , आप के लोकसभा अध्यक्ष देवेंद्र गौतम नए हवन यज्ञ में आहुति डालकर क्षेत्र की सुख शांति की कामना की । इस मौके पर मास्टर सत्यनारायण ने हलके के दर्जन लोगों को पार्टी में शामिल करवाया। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए मास्टर सतनारायण ने कहा कि प्रदेश में



आम आदमी पार्टी की लहर चल रही है। दिन प्रतिदिन आम आदमी पार्टी से लोग जुड़ रहे हैं। आने वाले विधानसभा चुनाव में प्रदेश में आम आदमी पार्टी की सरकार बनेगी ।

## नौनिहालों ने किया रामलीला का मनभावन मंचन

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत ज्ञान गंगा** मांटेसरी एवं मॉडल स्कूल, न्यू नंदवानी नगर में दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया । इस मौके पर नौनिहालों ने रामलीला का मनभावन मंचन किया। बच्चों ने प्रभावपूर्ण तरीके से भगवान राम , लक्ष्मण, माता सीता, हनुमान, रावण, कुंभकरण आदि की भूमिका निभायी। बच्चों ने जय श्रीराम के उदघोष के साथ पूरे विद्यालय में झांकी निकाली और रावण के पुतले का दहन किया। इस मौके पर विद्यालय की प्राचार्या रिचा चावला ने सभी बच्चों व शिक्षकों को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी।



प्राचार्या रिचा चावला ने बच्चों को दशहरा का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि दशहरा का पर्व असत्य की सत्य पर जीत का पर्व है। उन्होंने बच्चों को बताया कि भगवान राम ने रावण का वध करने से पहले 9 दिनों तक मां दुर्गा की उपासनी की थी और 10वें दिन रावण का वध किया था। इस मौके पर उन्होंने रामलीला में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया, साथ ही बच्चों को रामलीला की अच्छाइयां जीवन में प्रयोग करने की प्रेरणा दी। रामलीला में चिंकी, जानवी, शोर्य, साहित्य, अंकुश, देहर , नमन, स्वास्तिक, दिव्यांशी आदि छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कक्षा आठवीं के हार्दिक ने गीत प्रस्तुत किया और छात्रा मुस्कान ने कविता के माध्यम से दशहरा पर्व पर प्रकाश डाला । अध्यापिका सीमा ने बच्चों को विस्तार से बताया गया कि इस दिन राम ने रावण का वध क्यों और कैसे किया था। स्कूल में रावण का दहन का भी आयोजन किया गया। स्कूल में बने रावण, मेघनाद व कुंभकरण के पुतलों को भी राम लक्ष्मण बने विद्यार्थियों ने तीर का निशाना लगाते हुए आग के हवाले किया। इन कार्यक्रमों के आयोजन में विद्यालय की अध्यापिका नीरू, भावना, पूनम, कविता और कुमारी युक्ति ने विशेष सहयोग दिया।

### पंजाब से पॉप रॉयल्टी तक: सिमरन चौधरी का एल्बम 'फॉल्किन रानी' जेनर को फिर से कर रहा डिफाइन

**नई दिल्ली।** ट्रेडिशन और कंटेम्परेरी स्टाइल के शानदार फ्यूजन में, सिंगर-सॉन्गराइटर, सिमरन चौधरी, अपने बहुप्रतीक्षित एल्बम, "फॉल्किन रानी" के साथ म्यूजिक वर्ल्ड में तूफान लाने के लिए तैयार हैं। एल्बम में छह ट्रैक हैं - माहिया मन्दा नहीं, आ ग्या नी, रामलीला, दब्बियां, मेरा रांझणा और आ ग्या नी 2.0, इनमें से सभी पंजाब की समृद्ध संगीत विरासत और मॉर्डन पॉप कल्चर का खूबसूरत का प्रमाण है। मॉर्डन टिव्स्ट के साथ ट्रेडिशन का अनूठा मिश्रण सिमरन को पॉप की क्वीन के सिंहासन तक ले जाता है। 'फॉल्किन रानी' में सिमरन चौधरी ने न केवल अपनी आवाज दी हैं बल्कि राजा के साथ कम्पोजिशन में भी कोलैब्रेट किया है। टैलेंटेड अदन द्वारा प्रड्यूज, राजा के लिरिक्स इस म्यूजिकल जर्नी का एक अभिन्न अंग हैं, इसके लिरिक्स पंजाबी डीएनए झलकता है जो सिमरन की आर्टिस्ट्री को परिभाषित करता है। 'फोल्किन रानी' संस्कृति, पहचान और संगीत की असीमित संभावनाओं का उत्सव है। यह एल्बम पारंपरिक धुनों में एक रिफ्रेशिंग ट्विस्ट पेश करता है, लोक धुनों में नई जान फूंकता है और उन्हें एक अनूठी मॉर्डन एनर्जी से भर देता है। रिलीज पर अपना उत्साह शेयर करते हुए, सिंगर और कम्पोजर सिमरन चौधरी ने कहा कि, ""फोल्किन रानी' प्यार का एक उद्धाहरण है जो मेरे दिल के करीब है।
यह म्यूजिक का एक अनूठा ब्लेंड है जिसके साथ मैं बड़ी हुई हूं और मार्डन कंटेम्प्रेरी साउंड मुझे पसंद हैं। यह एल्बम न केवल मेरी म्यूजिकल जर्नी का प्रतिबिंब है, बल्कि पंजाब की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए एक ट्रिब्यूट भी है, यह ट्रेडिशन को इनोवेशन के साथ सहजता से जोड़ता है। मुझे उम्मीद है कि सभी को एल्बम के सभी ट्रैक में उतना ही आनंद मिलेगा जितना मुझे मिलता है।

## सडक सुरक्षा प्रश्नोत्तरी के दूसरे स्तर की परीक्षा के लिए पूरी हुई तैयारियां

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला पुलिस** द्वारा पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के कुशल कार्यकाल में बच्चों को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करने के लिए बच्चों के बीच सडक सुरक्षा प्रश्नोत्तरी परीक्षा कराया जा रहा है। इस संबंध में आज डीएसपी यातायात सोनू नरवाल के कार्यालय में जिला शिक्षा अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी के साथ मीटिंग हुई। इस बारे में डीएसपी यातायात सोनू नरवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस महानिरीक्षक यातायात एवं हाईवे करनाल के दिशा-निदेशों के अनुसार सभी जिलों में यातायात को लेकर स्कूल स्तरीय सडक सुरक्षा क्विज कम्पीटीशन करवाया जा रहा है। जिला करनाल में इस प्रतियोगिता परीक्षा के दूसरे स्तर की परिक्षा के आयोजन कराने के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## पुष्प वर्ल्ड स्कूल में धूमधाम से मनाया विजयादशमी का त्यौहार

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर । नगरपालिका रोड़** पर पुष्प वर्ल्ड स्कूल में सोमवार को बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरा कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चों ने रामलीला मंचन करने के साथ ही रावण दहन किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने विजयादशमी पर्व से संबंधित लघु नाटिका भी पेश की। स्कूल के चेयरमैन सुनील त्यागी व स्कूल निदेशक डॉक्टर नीरज त्यागी ने विद्यार्थियों को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



चेयरमैन सुनील त्यागी ने कहा कि इसी दिन भगवान राम ने अधर्म, अत्याचार और अन्याय के प्रतीक लंका के राजा रावण का वध किया था। माता दुर्गा ने राक्षस महिषासुर का संहार करके धर्म और सत्य की रक्षा की थी। इसलिए भी इसे विजयादशमी के रूप में भी मनाया जाता है । उन्होंने बच्चों व स्टाफ सदस्यों के साथ भगवान श्रीराम, दुगार्जी, लक्ष्मी, सरस्वती, गणेश और हनुमान जी की आराधना की और उनसे लोक कल्याण और लोकहित की कामना की । इस मौके पर बच्चों ने बाल रामलीला के माध्यम से श्रीराम की जीवनी पर प्रकाश डाला। बच्चों ने श्रीराम के भक्ति गीतों पर नृत्य किया। स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के अंत में श्रीराम और रावण के बीच युद्ध की लीला का मंचन किया गया। इसके बाद रावण के पुतले को दहन कर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया गया । इस अवसर पर स्कूल स्टाफ व स्कूल के विद्यार्थी मौजूद रहे।

# आईजीयू के विधि विभाग द्वारा एलुमनी मीट का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/रेवाड़ी इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय,** मीरपुर रेवाड़ी के विधि विभाग द्वारा "अलुमनी मीट संगम 2.0" का आयोजन किया गया, जिसमें वर्ष 2014 में विश्वविद्यालय में विभाग की स्थापना के बाद पास आउट हुए विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में विशिष्ठ अतिथि इसी विधि विभाग से वर्ष 2018 में एलएलएम की डिग्री हासिल करने वाले एडवोकेट विजयपाल कौशिक रहे, जिनका स्वागत विभाग के अध्यक्ष डॉ. रविन्द्रा ने मोमेंटो देकर किया। जहाँ एक ओर पास आउट विद्यार्थियों ने मंच से अपने दौर के खट्टे-मीठे पल साझा



किये, वहीँ दूसरी ओर, विभाग के मौजूदा विद्यार्थियों अंजलि प्रथम वर्ष, प्रवीण द्वितीय वर्ष ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। विजयपाल कौशिक ने मंच से सभी दर्शकों को संबोधित करते हुए आज के युग में विधि के विभिन्न आयामों के बारे में बताया। विधि के विद्यार्थियों को इस तकनीकी युग में कानून का बेहतर ज्ञान प्राप्त हो सके तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय व अन्य उच्च न्यायालयों में चल रही मामलों की लाइव सुनवाई देखी जा सके, इसके लिए विजयपाल कौशिक ने विधि विभाग को एक 56 इंच की एलसीडी भी उपहार के तौर पर दी। एडवोकेट विजयपाल कौशिक इस कार्यक्रम के अतिथि होने के साथ-साथ, विधि विभाग के एलुमनाई भी है और समाज के विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में स्वेच्छा से हिस्सा लेते रहते है। कार्यक्रम में विशेष तौर पर पहुंचे अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष प्रो. निखिलेश यादव व विश्वविद्यालय की एलुमनाई डायरेक्टर प्रो. रोमिका बत्रा ने भी मंच से सभी विद्यार्थियों को विधि की महत्वता के बारे में बताया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. अरविंद ने मंच से विशिष्ठ अतिथि व सभी विद्यार्थियों का धन्यवाद किया। इस अवसर पर विधि विभाग के विभाग के सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

# सहसंयोजक अनिल गोस्वामी व नरेश चनाना बने जिला संयोजक

**जिम्मेदारी**

**8 भारतीय जनता पार्टी ने गुड गवर्नस विभाग मे नरेश चनाना को जिला संयोजक नियुक्त किया गया**

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। भारतीय जनता** पार्टी द्वारा गुड गवर्नस विभाग में अनिल गोस्वामी को सह संयोजक बनाया गया। अनिल गोस्वामी ने बताया की भारतीय जनता पार्टी ने अपने गुड गवर्नस



विभाग मे नरेश चनाना को जिला संयोजक नियुक्त किया गया । नियुक्त होने पर पार्टी के कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। विधानसभा से अमन मुखीजा, नितीश त्यागी व अजय जैन को विधानसभा प्रमुख बनाया गया। नव नियुक्त गुड गवर्नेंस विभाग में गन्नौर से नियुक्त अमन मुखीजा ने अपनी नियुक्ति पर पार्टी हाई कमान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह पार्टी के लिए मेहनत से कार्य करेंगे, पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सोफी है उसे पर वह निर्वहन करेंगे ।

## संपादकीय

# कलम से क्रांति और कलम से ही भ्रांति

**शब्दों** की महिमा को अपरंपार और अक्षर को नश्वर बताया गया है ।वैसे तो लेखनी की तीव्रता तलवार से ज्यादा नुकीली और भाले से ज्यादा चुभने वाली होती है। तलवार की धार से मनुष्य एक बार बच भी सकता है पर लेखनी से लिखे गए शब्द व्यक्ति को मृत्यु सा मूर्छित कर देते है। इसीलिए चिंतकों ने कहा है बोलने से पहले और लिखने से पहले कई बार सोचें और बोलने के बाद सोचने वाला व्यक्ति समाज में मूर्खों की श्रेणी में गिना जाता है। राजनीति और कूटनीति में सारी जद्दोजहद शब्दावली और भाषणों की होती है कूटनीति में एक शब्द के कई अर्थ निकाले जाते हैं और उससे अपना हित अहित साधा जाता है। अकबर इलाहाबादी साहब कहते हैं,

**खीचों न कमानों को, न तलवार निकालो,**
**जब तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालो।**

मुंह से बोले गए शब्द और वाक्य बहुत सकारात्मक भी हो सकते हैं और बड़े ही भयंकर नकारात्मक भी हो सकते हैं। एक ही शब्द कहीं पर बड़े से बड़ा दंगा करवा सकते हैं और कहीं पर बोले गए प्यार के शब्द बड़े-बड़े विवादों में सुलह करा सकते हैं। शब्द की परिणति उसकी मुक्ति ही करती है। बड़े-बड़े राजनेता अभिनेता अपने मुंह से बोले गए शब्दों से लोकप्रियता के चरम पर पहुंच जाते हैं और कहीं किसी नेता के मुंह से निकला हुआ शब्द बाण समाज में विषाद और जहर भर देता है। शब्दों के जादूगर बड़ी-बड़ी आम सभाओं में सोच समझकर इस्तेमाल कर अपना सार्थक प्रभाव छोड़ते सत्ता परिवर्तन भी शब्दों के माया जाल से हि होता है। अंग्रेजी साहित्य में अरनेस्ट हेमिंग्वे को शब्दों का जादूगर माना जाता था उनके शब्दों का प्रभाव सीधे पाठकों के दिल तक पहुंच जाता था इसी तरह हिंदी में तुलसीदास विश्वव्यापी कवि है उनकी वाणी में सत्य और अमृत है। आधुनिक हिंदी साहित्य मेंअज्ञेय जी को इसी श्रेणी में रखा जा सकता है उनकी शब्दावली कठिन होते हुए भी पढ़ने वालों के मर्म तक पहुंच जाती है। महान कथाकार मुंशी प्रेमचंद हिंदी और देवनागरी लिपि को आत्मसात कर उपन्यास तथा कहानी और लिख कर अमृत्व को प्राप्त किया है। देवकीनंदन खत्री जी ने भी उपन्यासों खाकर चंद्रकांता संतति, भूतनाथ पढ़ने के लिए हिंदी को सीखा और मनन किया।

और लोकप्रिय उपन्यास की उत्पत्ति की, कबीर अपने फक्कड़पन की भाषा के कारण उत्तर भारत के सभी दिलों में समाए हुए हैं। निसंदेह शब्द जीवंतता प्रदान करते हैं और जीवनशैली को बेहतर बनाने की ओर अग्रसर करते हैं और द्रौपदी द्वारा कहे गए शब्द महाभारत की उत्पत्ति का कारण बनते हैं। इसलिए सदैव कहा जाता है की संभलकर बोलने से सद्गति प्राप्त होती है। इसीलिए तो संभल कर सही और उपयुक्त शब्दों का इस्तेमाल करना चाहिए। जो सदैव अच्छा वक्ता होता है अपने विचारों को संभल कर बोलता है भले ही वह दिलों को ना छुए पर उसका जनमानस को जीतना तय होता है और संसार पर वही राज करता है जो अपने शब्दों का सही इस्तेमाल करता है, गलत शब्द से, गलत संभाषण से गलत विचारों से बोला गया वाक्य प्रलय भी ला सकता है। शब्दों को तौल कर विचार कर बोलना चाहिए अन्यथा उसके नतीजे भयानक भी हो सकते हैं। शब्दों की मार बहुत ही तेज और बहुत मीठी भी होती है एक शब्द महायुद्ध करवा सकता है और दूसरा शब्द ऐसी शीतल फुहारें छोड़ता है कि सारा युद्ध उन्माद अखंड शांति में बदल जाता है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी अमेरिका रूस ,जापान, यूरोपीय देशों में दिए वहां के राष्ट्रपति व राजनेताओं द्वारा दिए गए भाषणों संभाषणों से युद्ध और कई बार शांति स्थापित हुई है।

# सशक्त नारी समृद्ध होता उत्तर-प्रदेश



ऋचा सिंह

> मिशन शक्ति के अंतर्गत प्रदेश भर में चल रही महिला संबंधी योजनाएं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना ,निराश्रित महिला पेंशन योजना , बीसी सखी ,प्रधानमंत्री वंदन योजना आदि का व्यापक प्रचार प्रचार भी किया जा रहा है । जिससे महिलाएं इन योजनाओं का सत प्रतिशत लाभ उठा सके । इन योजनाओं के प्रचारप्रसार विषय हेतु कैंप लगाकर भी अभियान चलाए जा रहे हैं। महिलाओं और बालिकाओं को शासन सुरक्षा संबंधी सेवाएं जैसे विभिन्न पावर लाइन, महिला हेल्पलाइन ,मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, पुलिस आपातकालीन सेवा, चाइल्ड हेल्पलाइन, चिकित्सा संबंधी स्वास्थ्य सेवा, एंबुलेंस सेवा को जगह जगह पेंट करा कर लिखाने हेतु निर्देशित दीया गया है। जिससे सभी लोगों तक यह पहुंच सके

**वर्तमान** में उत्तर प्रदेश सरकार मिशन शक्ति फेज 4 का प्रारंभ शक्ति वंदन कार्यक्रम के साथ कर रही है । महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को सशक्त बनाने एवं जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न कार्यक्रमों को आयोजित कर महिलाओं, बालिकाओं से वार्ता कर उनके अंदर आत्मविश्वास को बढ़ाने का प्रयत्न किया जा रहा है। बालिकाओ, छात्राओं, महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने के साथ उन्हें सजग, सतर्क एवं निर्भीकता के साथ आत्मनिर्भर बनने एवं सम्मान के साथ अपने क्षेत्र में कार्य करने हेतु प्रेरित और प्रोत्साहित किया जा रहा है। राज्य सरकार का मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला स्वावलंबन के लिए उठाया गया कदम महिलाओं में ऊर्जा और उत्साह का संचार कर रहा है। पिछले 6 वर्षों में प्रदेश की महिलाओं की आत्मनिर्भरता एवं श्रम शक्ति में दोगुने से भी अधिक की वृद्धि हुई है। शहरी महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ-साथ ग्रामीण अंचल की महिलाओं में भी उत्साह बढ़ रहा है। ग्रामीण महिलाओ में समूह के द्वारा कार्य करने की भावना पहले की अपेक्षा बढ़ी है। लगभग 10 लाख स्वयं सहायता समूह बनाकर उससे एक करोड़ महिलाओं का जुड़ना एक बड़ी उपलब्धि के ओर इशारा करती है जो महिलाओं के सम्मान पूर्वक जीने एवं उनके स्वावलंबी बनने का उदाहरण हैं। यह इस बात को भी दशार्ता है कि आगे चलकर प्रदेश की आर्थिक समृद्धि में महिलाओं की सशक्त भागीदारी होगी। महिलाएं अपने घर एवं परिवार के सभी सदस्यों के पोषण की स्वीकृति के भाव के साथ होती हैं, ऐसी भूमिका में उन्हें परिवार एवं समाज की रीड की हड्डी माना जाता है। यदि समाज व परिवार का यह हिस्सा सम्मान के साथ आत्मनिर्भर हो तो निश्चित रूप से समाज ही समृद्धि की ओर कदम बढ़ाकर स्वावलंबन की ओर बढ़ता है। राज्य सरकार के दिशा निर्देश में मिशन शक्ति फेज 1 के प्रारंभ के साथ ही महिलाओं बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता हेतु कई कदम उठाए गए थे जिसका यह स्वर्णिम प्रतिफल है कि महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ा रही है एवं बालिकाएं शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति कर रही हैं। राष्ट्रीय सर्वेक्षण के अनुसार 2017-18 में श्रम शक्ति में महिलाओं की भागीदारी 14.9% थी जो अब 36.5 प्रतिशत हो गई है। राज्य सरकार की योजना का ही परिणाम है कि महिलाएं आज प्रदेश में नए कीर्तिमान गढ़ रही हैं। ऐसा दिखा गया है कि बहुत सारी योजनाएं लागू की जाती हैं लेकिन वह जिनके लिए उपयोगी है उस स्तर तक उस व्यक्ति तक वह योजनाएं पहुंच ही नहीं पाती थीं जिनसे उन योजनाओं का लाभ से लाभार्थी व्यक्ति वंचित रह जाता था। मिशन शक्ति के अंतर्गत इन योजनाओं को ग्रामीण अंचल से लेकर के शहरी क्षेत्र में एक समान रूप से लोगों तक जन-जन तक पहुंचाया गया है। वर्तमान में मिशन शक्ति फेस 4 जो नवरात्र के प्रथम दिवस पर प्रारंभ किया गया है इसमें विद्यालय से भी रैली निकाली गई , हर संस्थाओं से विभाग से इसे जोड़ा गया। सुरक्षा, स्वावलंबन के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाली महिलाओं को पुरस्कृत किया गया है और यह एक अभियान बनाकर विद्यालय से लेकर के जिला स्तर तक के बड़े कार्यालय से जोड़ा गया है जिससे मिशन शक्ति के अंतर्गत महिलाओं को सशक्त करने हेतु किए गए प्रयास हर महिला तक हर बालिका तक पहुंच सके और ज्यादा से ज्यादा महिलाएं इससे लाभान्वित हो सके। मिशन शक्ति अभियान कार्यक्रम से महिलाओं और बेटियों को स्वयं के अधिकारों को जानने के साथ उनमें एक चेतना जागृत हुई है । कन्या सुमंगला प्रोग्राम ,बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ प्रोग्राम, मिशन शक्ति प्रोग्राम के अंतर्गत बालिकाओं और महिलाओं को एक अवसर प्रदान किया गया जिससे वह सम्मानित और सशक्त महसूस कर सके। ग्राम पंचायत में बीसी सखी और पीएम सम्मान निधि योजना के तहत 2 लाख से अधिक महिलाओं को लाभान्वित किया जाना ऐसे ही अवसर थे जो महिलाओं को प्रदान किए गए । वर्तमान समय में प्रदेश की महिलाओं ने श्रम शक्ति में मिले अवसरों का उपयोग कर अपने लिए स्वर्णिम भविष्य गढ़ दिया है। आज कला,विज्ञान ,अंतरिक्ष ,व्यापार, शिक्षा हर क्षेत्र में बालिकाएं आगे निकल रही हैं ऐसे में किसी अवांछनीय तत्व से बिना डरे मिशन शक्ति अभियान के द्वारा बच्चियां, महिलाएं निडर होकर घर से बाहर निकल रही है। मिशन शक्ति के अंतर्गत प्रदेश भर में चल रही महिला संबंधी योजनाएं मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना ,निराश्रित महिला पेंशन योजना , बीसी सखी ,प्रधानमंत्री वंदन योजना आदि का व्यापक प्रचार प्रचार भी किया जा रहा है । जिससे महिलाएं इन योजनाओं का सत प्रतिशत लाभ उठा सके । इन योजनाओं के प्रचारप्रसार विषय हेतु कैंप लगाकर भी अभियान चलाए जा रहे हैं । महिलाओं और बालिकाओं को शासन सुरक्षा संबंधी सेवाएं जैसे विभिन्न पावर लाइन, महिला हेल्पलाइन ,मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, पुलिस आपातकालीन सेवा, चाइल्ड हेल्पलाइन ,चिकित्सा संबंधी स्वास्थ्य सेवा ,एंबुलेंस सेवा को जगह जगह पेंट करा कर लिखाने हेतु निर्देशित दीया गया है। जिससे सभी लोगों तक यह पहुंच सके। सुरक्षा हेतु विभाग द्वारा गठित महिला सुरक्षा बल गांव में जन चौपाल लगाकर , बस स्टैंड, बाजार, गांव ,कस्बा ,स्कूल कॉलेज ,सार्वजनिक एवं भीड़भाड़ वाले स्थान पर बालिकाओं महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा संबंधी उपायों के बारे में भी जागरूक किया जा रहा है। शक्ति दीदी के रूप में महिलाओं से जुड़कर उन्हें सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। मिशन शक्ति का उद्देश्य प्रत्येक नारी वह बच्चियों की सुरक्षा तथा सम्मान का अधिकार दिलाना है उन्हें सरकार की योजनाओं से अवगत कराते हुए जागरूक करना मानसिक रूप से सबल व सामान बनाते हुए प्रत्येक क्षेत्र में उन्हें अवसर प्रदान करना है। मिशन शक्ति ने पूर्व में तीन चरणों में अपार सफलता हासिल की तथा इसका सफल क्रियान्वयन पूरे प्रदेश में किया गया है विभिन्न योजनाओं के माध्यम से नारी वंदन अधिनियम के तहत नारियों को सम्मान व सुरक्षा प्रदान किया गया है । आज महिलाएं सिर्फ चूल्हे चौके तक ही सीमित नहीं है आज ऐसा नहीं है कि वह ग्रामीण अंचल से हैं तो उनको अवर नही उपलब्ध है । ग्रामीण क्षेत्र में स्वयं सहायता समूह की सदस्य बनकर समाज के पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर आत्मनिर्भर बनते हुए अपने परिवार को आर्थिक एवं सामाजिक सहायता प्रदान कर रही हैं। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत फेज 4 में ऐसी छात्राएं जो विद्यालय से दूर हो रही हैं उन्हें चिन्हित करके उनके अभिभावकों से संपर्क कर उन्हें पावर एंजेल के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा और सघन अभियान चलाकर छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है । बाल अधिकारों के साथ-साथ उन्हें जरूरी कानून के बारे में जानकारी दी जारही एवं सजग एवं सतर्क बनने के लिए दृष्टि प्रदान की जा रही। आज नए भारत का नया उत्तर प्रदेश सफलता की नई कहानी कह रहा है। सरकार ने समर्थ उत्तर प्रदेश के महिला श्रम शक्ति को सशक्त बना दिया है । इनकी समृद्धि के लिए सरकार संकल्पित है। महिलाओं के उत्थान के लिए सरकार ने नवरात्रि के पावन अवसर पर मिशन शक्ति की चतुर्थ चरण का प्रारंभ किया है। नारी सुरक्षा नारी सम्मान के साथ स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ रही है। हुए शारदीय नवरात्रि से निरंतर अनेक कार्यक्रम अयोजित हो रहे हैं।



## कविता

**कितने-कितने रावण का संहार ?**

श्री राम ने रावण का वध किया,
पर आज कलयुग के इस भव संसार में,
ना जाने कितने रावण
दुष्ट और राक्षस
विचरण कर रहे हैं
स्वच्छंद आसपास,
आज रावण न जाने कहां-कहां व्याप्त है
मन में रावण,तन में रावण, चरित्र में रावण
दशानन की दसों आंखों में अवगुण व्याप्त,
हर मुखड़ा पृथक पृथक बुराइयों का प्रतीक,
क्रोध ,लोभ ,कामना, स्पृहा ,लालसा, लालच,
पराई नार पर कुदृष्टि, अबला नारी पर
अत्याचार दुराचार, नारी उत्पीड़न,
हर गली हर मोहल्ले हर शहर हर राज्य
मैं रावण ही रावण फैले हुए हैं
कई घरों में बाप भाई के रूप में रावण,
रिश्तेदारों के अंदर रावण,
राजनीति में रावण,सामाजिक नीति में रावण,
युद्ध नीति में रावण, प्रशासन में रावण,
शासन में रावण, पुलिस बल में रावण,
मंत्री से लेकर संतरी तक रावण ही रावण,
ऑफिस में रावण, सचिवालय में रावण,
छुट भैया नेता से बड़े नेता तक रावण,
अभिनेता अभिनेत्री में रावण

संजीव

## नवाज शरीफ की शराफत

**अशोक भाटिया**

**पाकिस्तान** में बीते कुछ सालों में राजनीतिक उठापटक लगातार जारी है। चार साल से विदेश में रह रहे नवाज शरीफ अब पाकिस्तान लौट आए हैं। चुनावों की आहट के बीच नवाज शरीफ ने एक बड़ी रैली को भी संबोधित किया। इस दौरान उनके विरोधी इमरान खान जेल में हैं और अनवर उल-हक काकड़ कार्यकारी प्रधानमंत्री के रूप में सरकार चला रहे हैं। पाकिस्तान लौटते ही नवाज शरीफ ने देश की अर्थव्यवस्था, कश्मीर और भारत के साथ रिश्तों पर भी बात की। वह अब भारत के साथ अच्छे रिश्तों की वकालत कर रहे हैं। हालांकि, यह भी सच्चाई है कि उन्हीं के प्रधानमंत्री रहते साल 1999 में पाकिस्तान ने कारगिल में भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ा था। नवाज शरीफ ने अपने देश की बातें करने के साथ-साथ पड़ोसी देश यानी भारत के साथ रिश्तों पर भी बात की। नवाज शरीफ ने इस मौके पर कहा, 'पाकिस्तान बेहद शालीनता के साथ कश्मीर का मुद्दा सुलझाना चाहता है। हम स्वतंत्र और व्यापक विदेश नीति चाहते हैं। हम पड़ोसी देशों के साथ अच्छे रिश्ते कायम करके एक आर्थिक शक्ति बनना चाहते हैं। दूसरों से लड़कर पाकिस्तान का विकास नहीं हो सकता।' उन्होंने यह भी कहा कि अगर बांग्लादेश पाकिस्तान से अलग नहीं हुआ होता तो भारत से होकर गुजरने वाला एक इकोनॉमिक कॉरिडोर होता। हम पाकिस्तान के विकास के लिए दुनिया और पड़ोस के देशों के साथ अच्छे संबंध स्थापित करना चाहते हैं। उन्होंने कुछ भावकु होते हुए यह भी कहा कि कैद में रखे जाने की वजह से वह अपनी मां और अपनी पत्नी को विदाई तक नहीं दे पाए। उन्होंने लाहौर में भाषण दिया और अपने इरादे जाहिर कर दिए। पाकिस्तान की खस्ता हालत और डूबती नैया को बचाने के लिए आर्मी को एक चेहरे की जरूरत थी, जिसे वह नवाज के रूप में देख रही है। नवाज ने भी अल्लाह की मर्जी पर सब छोड़ दिया है। वैसे, जेल में बैठे इमरान खान की मुश्किलें जरूर बढ़ गयी हैं, क्योंकि अब सेना के पास दिखाने के लिए एक चेहरा भी है। भारत को वहां हो रहे सारे डेवलपमेंट पर नजदीक से नजर बनाए रखनी होगी। बताया जाता है कि पाकिस्तान में नवाज शरीफ की वापसी की योजना तो काफी दिनों से चल रही है। जो ये डेवलपमेंट हुआ है, वह तो देखने की बात है। उनको एक पूरी योजना के तहत वापस बुलाया गया है। वे निर्वासन में थे और पाकिस्तानी कोर्ट ने उनको प्रोटेक्शन प्रदान किया है। उनके वापस आने की घोषणा तो उनके भाई ने ही कर दी थी। अब वापसी में हर चीज का हिसाब रखा गया है। इसमें कहीं न कहीं आर्मी का भी संरक्षण उनको है। सेना की सहमति के बिना नवाज शरीफ पाकिस्तान नहीं आते। उनका मुख्य मकसद है कि वह चुनावी तौर पर लाभ उठा सकें। जो व्यक्ति एक प्रजातांत्रिक तरीके से इमरान खान की लोकप्रियता को काउंटर कर सकता है, वह नवाज शरीफ ही हैं।

## विचार

# दशहरे के त्यौहार का आध्यात्मिक पहलू

**संत राजिन्दर सिंह जी महाराज**

हम सब यह जानते हैं कि भगवान राम अपने पिता की आज्ञा से चौदह वर्ष के बनवास पर गए। जहाँ रावण ने उनकी पत्नी सीता का हरण कर लिया। जिसके कारण उन्हें सीता को रावण के चुंगल से छुड़ाने के लिए युद्ध करना पड़ा। जिसमें राम की जीत हुई और वे सीता को वापिस लाए। तभी हर वर्ष दशहरे का त्यौहार मनाया जाता है। ये त्यौहार असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की जीत का भी प्रतीक है। रामायण की कथा के दो पहलू हैं-एक बाहरी और एक अंतरी। बाहरी पहलू के बारे में हम सब अच्छी तरह जानते हैं लेकिन अंतरी पहलू जोकि हमारी आत्मा से जुड़ा है उसके बारे में हम बहुत कम जानते हैं। रामायण की वास्तविक शिक्षा आध्यात्मिक है, जो हमें आत्म-तत्त्व की जानकारी देती है। इसमें आत्म-ज्ञान की पुरातन से पुरातन और सनातन से सनातन शिक्षा की व्याख्या की गई है, जो आत्मानुभव से संबंधित है। मगर हम इसके बाहरी पहलू तक ही सीमित रह जाते हैं। अगर हम दशहरे के त्यौहार के आध्यात्मिक पहलू पर एक नजर डालें तो हमें पता चलता है कि रामायण में जिस राम और रावण के युद्ध का वर्णन किया गया है, उसका आंतरिक संग्राम तो हरेक इंसान के अंदर निरंतर हो रहा है। इसमें मन की वृत्तियों की लड़ाई, नेकी और बदी की जंग जो हरेक इंसान के अंदर हो रही है, उसकी व्याख्या की गई है।

सभी संत-महापुरुषों ने रामायण के पात्रों का असली मतलब हमें समझाया है। उनके अनुसार राम से अभिप्राय उस प्रभु सत्ता से है जो सृष्टि के कण-कण में समाई हुई है, जिसे ह्लसंतों का रामह्न कहा गया है। सीता से अभिप्राय हमारी आत्मा से है जोकि हमारे शरीर में कैद है और चौरासी लाख जियाजून के चक्कर में भटक रही है। इसके अलावा लक्ष्मण से अभिप्राय हमारे मन से है जो कभी भी शांत नहीं होता और हमेशा लड़ने को तैयार रहता है। रावण से मतलब हमारे अहंकार से है, जो हरेक इंसान के अंदर कूट-कूटकर भरा हुआ है। दशरथ का अर्थ हमारे मानव शरीर से है जोकि एक रथ के समान है, जिसमें पाँच ज्ञान-इंद्रियों और पाँच कर्म-इंद्रियों के 10 घोड़े बंधे हुए हैं, जो इसे चला रहे हैं।

संत-महापुरुष इसके आध्यात्मिक पहलू के बारे में हमें और विस्तार से समझाते हैं कि सीता यानि हमारी आत्मा जिसका बाहरी रूप हमारा ध्यान है, मन-इंद्रियों के घाट पर जीते हुए वह अपने आपको भूलकर इस दुनिया का रूप बन चुकी है। रावण रूपी अहंकार उसे हर लेता है और अपने साथ ले जाता है। राम और रावण का युद्ध होता है जिसमें राम की जीत होती है। वह सीता (आत्मा) को रावण (अहंकार) के पंजे से छुड़ाकर वापिस ले आते हैं। सीता जो उन्हें छोड़कर चली गई थी, वह जिस्म-जिस्मानियत से आजाद होकर वापिस महाचेतन प्रभु में समा जाती है, जिसकी की वो अंश है। दशहरे के त्यौहार का एक आध्यात्मिक पहलू यह भी है कि यह हमें घमंड को छोड़कर नम्रता से जीना सिखाता है। आमतौर पर इंसान (मानव) की यह आदत होती है कि वह सिर ऊँचा करके चलता है, अर्थात घमंड से अपना जीवन व्यतीत करता है। जो शब्द मानव है, वह शब्द मान से बना है क्योंकि मान केवल इंसान में होता है जो उसे घमंड या खराबी की तरफ ले जाता है। जो शब्द मानव है उसमें व अक्षर भी जुड़ा हुआ है। व बाहों को कहा जाता है। परमात्मा ने हमें बाहें किसलिए दी हैं? ताकि हम अच्छे कर्म कर सकें, अच्छी तरफ जा सकें और उनके जरिये असलियत यानि पिता-परमेश्वर की तरफ कदम बढ़ा सकें। व शब्द इस और भी इशारा करता है कि प्रभु की बाहें हमें उठा रही हैं और हर वक्त हमारी संभाल कर रहीं है। अगर हम अपने जीवन पर एक नजर डालें तो हम पाएंगे कि ज्यादातर हम सभी अहंकार से अपना जीवन जीते हैं और यही हमारे विनाश का कारण है। हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि अहंकार के कारण ही रावण का पतन हुआ था। इंसान नम्र होने की जगह जब सिर उठाकर चलता है तो उसमें घमंड आना शुरू हो जाता है, जो उसको प्रभु से दूर ले जाता है। जब इंसान में घमंड आता है तो वह यह सोचता है कि मैं बहुत अच्छा हूँ, मेरी वजह से यह हो रहा है, मेरी वजह से वह हो रहा है। वह यह भूल जाता है कि प्रभु का हाथ उसे सहारा दे रहा है, इसलिए वह खड़ा हुआ है नहीं तो वह गिर जाएगा। जब हम किसी पूर्ण गुरु के चरण-कमलों में जाते हैं और उनके अनुसार अपना जीवन व्यतीत करते हैं तो उनकी दयामेहर से हमारा घमंड खत्म हो जाता है। तभी हमारी आत्मा का मिलाप प्रभु से होता है और फिर आत्मा और परमात्मा में कोई फर्क नहीं रहता। जैसा कि कहा गया है कि प्रभु$मनत्रमानव, और मानव-मनत्रप्रभु। हमारा घमंड ही हमें इस भ्रम में रखता है कि हम प्रभु से जुदा हैं। इसलिए प्रभु के रास्ते में हमारे लिए यह कई प्रकार की रूकावटें पैदा करता है जिससे कि हम अपनी आत्मा को पिता-परमेश्वर से नहीं जोड़ पाते। सभी संत-महापुरुष हमें समझाते हैं कि पिता-परमेश्वर हर वक्त हमारे साथ है, हमें सिर्फ उनका अनुभव करना है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।


दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादकः रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## चिंतन

# संघ की यात्रा के गौरवशाली 98 वर्ष

**बृजनंदन राजू**

**हिन्दू संगठन** और राष्ट्र को परम वैभव पर ले जाने के जिस उद्देश्य को लेकर सन् 1925 में विजयादशमी के दिन नागपुर में डॉ. केशवराव बलिराम हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी, उस ध्येय पथ पर संघ निरन्तर बढ़ता जा रहा है। संघ अपनी विकास यात्रा के 98 वर्ष पूर्ण कर चुका है। उपेक्षा व विरोध का सतत सामना करते हुए अत्यंत विपरीत परिस्थितियों से पार पाते हुए संघ कार्य आज अनुकूलता की स्थिति में पहुंचा है। इन 98 वर्षों की यात्रा में हिन्दू संगठन के साथ-साथ आम लोगों का विश्वास जीतने और राष्ट्र जागरण के प्रयास में संघ पूर्णतया सफल रहा है। देश दुनिया में आरएसएस नाम से विख्यात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन है। संघ की तुलना किसी दूसरे संगठन से नहीं कर सकते क्योंकि तुलना करने के लिए भी इसके जैसा कोई होना चाहिए। इसीलिए बहुत से लोग स्वार्थवश संघ को बुरा-भला कहते हैं। कुछ लोग अज्ञानवश भी संघ की आलोचना करते हैं क्योंकि उनको संघ की असलियत पता नहीं है। नागपुर से शुरू हुआ संघ विशाल वटवृक्ष का रूप धारण कर चुका है। इस वटवृक्ष की छांव में भारत की संस्कृति और परम्परा पुष्पित पल्लवित हो रही है। आज 50 से अधिक संगठन विविध क्षेत्रों में संघ से प्रेरणा लेकर कार्य कर रहे हैं।

यह सभी संगठन स्वायत्त जरूर हैं लेकिन उनके पीछे संघ की शक्ति ही सक्रिय है। विविध क्षेत्रों में कार्य करने वाले संघ के आनुषांगिक संगठन विश्व के शीर्ष संगठनों में शुमार हैं। चाहे किसान संघ हो, मजदूर संघ हो, विद्यार्थी परिषद हो, वनवासी बंधुओं के बीच कार्य करने वाला संगठन वनवासी कल्याण आश्रम हो, शिक्षा के क्षेत्र में विद्या भारती,धर्म के क्षेत्र में सक्रिय विश्व हिन्दू परिषद हो या फिर राजनीति के क्षेत्र में सक्रिय भारतीय जनता पार्टी। यह सब विश्व में चोटी के संगठन हैं। भाजपा की आज केन्द्र समेत देश के कई राज्यों में सरकार है। प्रधानमंत्री, गृहमंत्री व कई प्रदेशों के मुख्यमंत्री व राज्यपाल जैसे महत्वपूर्ण पदों पर संघ के स्वयंसेवक विराजमान हैं। इसलिए भी आज संघ के बारे में जानने को देश दुनिया में उत्सुकता बढ़ी है।

## डेटिंग-डेटिंग खेलते हैं

**डॉ. सुरेश कुमार**

**वे लोग** वर-वधू के गुण-नक्षत्र पर जोर देने के बजाए किसी ओर चीज को लेकर परेशान थे। पंडित जी ने लड़की की माँ से कहा झ्र देखिए बहिन जी! गुण-नक्षत्रों का क्या है, वो तो ले देकर भी सेटल किये जा सकते हैं। वह तो मेरे बाएँ हाथ का खेल है। लेकिन आजकल के लड़के-लड़कियों के लिए पंचांग वाले छत्तीस गुणों की चिंता कम दूसरे किस्म के गुणों की चिंता अधिक रहती है। कहने को तो पढ़े-लिखे होते हैं लेकिन व्यवहार गंवारों वाले करते हैं। लड़की की माँ ने बड़े भोलेपन से पूछा हे ज्योतिषाचार्य जी! मैं कुछ समझी नहीं। आप किन गुणों की बात कर रहे हैं? क्या ये गुण इतने जरूरी हैं कि इनके बिना शादी नहीं हो सकती ज्योतिषी जी ने आँखें बड़ी करते हुए कहा हाँ बहिन जी! मैं जिन गुणों की बात कर रहा हूँ। उनके बारे में सुनेंगी तो आप का माथा भी ठनक जाएगा। एक समय था जब लड़का-लड़की रूप, रंग, गुण, स्वभाव आदि को देखकर चट मंगनी पट ब्याह कर लेते थे। अब वैसे दिन कहाँ रहे। अब तो हजार किस्म के चोंचले हैं। मसलन लड़का-लड़की बिल्ली-कुत्ता पसंद करते हैं कि नहीं। करते हैं तो किस रंग, आकार और ऊँचाई का। आल्कोहलिक हैं या नॉन-आल्कोहलिक। आल्कोहलिक हैं तो कौनसी ब्रैंड, फिर वह ब्रैंड नियमित पीते हैं या फिर कभी-कभार आदि-आदि। कौन सा रंग, फल-फूल, सब्जी, गाना, अभिनेता, फिल्म, साइट सीन पसंद है या नहीं आदि-आदि। लड़की की माँ आश्चर्य से बाप रे बाप! लड़का-लड़की एक-दूसरे को पसंद करने के लिए इतने चोंचले करते हैं। फिर ऐसे लोगों की शादी करने के लिए क्या करना चाहिए महाराज? ज्योतिषी जी हँसते हुए बहिन जी इसके लिए हमें कुछ करने की आवश्यकता नहीं है। जो कुछ करना होता है वो तो लड़का-लड़की को करना होता है। इसीलिए आजकल वे डेटिंग पर जाते हैं। डेटिंग पर जाने से लड़का-लड़की एक-दूसरे को शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक रूप से अच्छी तरह समझ जाते हैं। एक तरह से कहिए कि कोई बर्तन खरीदने से पहले ठोक-बजाकर देख लेते हैं। इससे यह साफ हो जाता है कि वे आगे एक-दूसरे के साथ टिक पायेंगे कि नहीं। सब कुछ ठीक रहा तो वे ब्याह करने के लिए राजी हो जायेंगे। नहीं तो तू अपनी गली मैं अपनी गली।

# ....आंदोलन की राह पर भाकियू

## 27 को पंचकूला में कैन कमिश्नर कार्यालय पर होगा प्रदेश स्तरीय प्रदर्शन : रतनमान

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**भारतीय किसान** यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष रतन मान ने किसान भवन में आयोजित की गई जिला स्तरीय किसान महापंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा में चालू गन्ना पेराई सीजन के लिए गन्ने के रेट में वृद्धि न करने को लेकर और शुगर मिलों को जल्द चलाने सहित तमाम मुद्दों को लेकर प्रदेश में किसान आंदोलन शुरू किया जाएगा।
किसान नेता बाबूराम डाबरथला ने किसान महापंचायत की अध्यक्षता की। किसान महापंचायत में अलग-अलग गांव से सैकड़ों किसानों और भाकियू पदाधिकारियों ने भाग लिया। गन्ने के दाम न बढ़ाए जाने को लेकर किसानों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ टजोरदार नारेबाजी करते हुए रोष जाहिर किया। सभी किसान नेताओं ने एक स्वर में 450 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ाए जाने की मुख्यमंत्री मनोहर लाल से जोरदार मांग भी की।



रतनमान ने कहा कि हरियाणा के किसान गन्ने के दाम न बढ? से नाराज हैं और आने वाली 27 अक्टूबर को ऐतिहासिक गुरुद्वारा नाडा साहिब पंचकूला में राज्य स्तरीय किसान महापंचायत का आयोजन किया जाएगाद्व जिसमें हरियाणा से हजारों किसान नाडा साहिब गुरुद्वारा पंचकूला में पहुंचेंगे। गुरुद्वारा नाडा साहिब से सभी किसान लामबंद होकर केन कमिश्नर के कार्यालय तक प्रदर्शन करेंगे और सीएम मनोहर लाल के नाम ज्ञापन सौंपेंगे।
उन्होंने कहा कि सरकार गन्ने के दाम बढ़ाए, ताकि किसानों की आमदनी में इजाफा हो सके। इसलिए किसान गन्ने के दामों में वृद्धि किए जाने की मांग कर रहे हैं, ताकि किसानों के लागत खर्च पूरा हो सके। उन्होंने कहा कि गत सालों में सरकार ने गन्ने के रेट में नाम मात्र वृद्धि की है, जबकि खाद, बीज, दवाई के रेट लगातार बढ़ोतरी हो रही है। जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। प्रदेश सरकार को अक्टूबर में माह में ही शुगर मिलों को चालू कर देना चाहिए था, ताकि किसानों को अपनी गन्ने की फसल को बेचने के लिए किसी भी तरह की दिक्कतों का सामना न करना पड़े।
रतनमान ने कहा कि अपने-अपने जिले से किसानों की तैयारी के साथ ठीक 10 बजे नाडा साहिब गुरुद्वारे में पहुंचे। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव भूपेन्द्र सिंह लाडी, वरिष्ठ किसान नेता प्रेम चंद शाहपुर, शाम सिंह मान, दिलावर सिंह डबकोली, महताब कादयान, सलिंदर सागवान, निशान सिंह रत्तक, राम सिंह, राज कुमार, ओम प्रकाश देसवाल, इनाम खान,महक सिंह, शाम सिंह चौहान, जगमाल सहित अनेक किसान उपस्थित थे।

## न्यूज फ्लैश

### 9 दिसम्बर को करनाल में होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन : सीजेएम

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला विधिक** सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम सुश्री जसबीर कौर ने बताया कि आगामी 9 दिसम्बर को जिला कोर्ट कॉम्पलेक्स में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी।
उन्होंने बताया कि इस लोक अदालत का आयोजन आम जनता से जुड़े विवादों को कम समय में निपटाने के लिए किया जा रहा है, ताकि लोगों को कम से कम परेशानी हो। उन्होंने कहा कि इस लोक अदालत के दौरान पुराने ट्रैफिक चालान, चैक बाउंस होने से जुड़े विवाद, बैंक रिकवरी से जुड़े विवाद, पानी और बिजली बिल से जुड़े विवाद, पारिवारिक विवाद, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण, मजदूरी, भत्ते और पेंशन भत्तों से जुड़े विवाद, भरण पोषण से संबंधित विवादों व अन्य विवादों को भी सुना जाएगा।
सुश्री जसबीर कौर ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का मकसद ज्यादा से ज्यादा लोगों की न्याय दिलाने में मदद करना है। इससे समय व पैसे दोनों की बचत होती हैं। उन्होंने बताया कि न्यायालय में लंबित मामलों को परस्पर सहयोग व सौहार्दपूर्ण माध्यम से निपटाने के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। किसी भी आमजन का यदि कोई मामला लंबित है तो इस लोक अदालत में मामले की सुनवाई के लिए ला सकता है और निपटारा करवा सकता है। इस दौरान दोनों पक्षों की आपसी सहमति व राजनामे से सौहार्दपूर्ण माहौल में पक्षकारों की रजामंदी से मामले को निपटाया जाता है।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत**
**(कमाल हुसैन)**
(मो. नं. : 9813507693)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**अंबाला**
**(मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पानीपत**
**(बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**करनाल**
**राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**चंडीगढ़/पंचकुला**
**हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**सोनीपत**
**(संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**फरीदाबाद**
**हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**पंचकूला**
**(मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
**कुरुक्षेत्र**
**दलबीर मलिक**
(मो. नं. : 94162 71181)

## 'समाज और राष्ट्र विरोधी तत्व युवा पीढ़ी को नशे में धकेल रहे'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**हरियाणा राज्य** नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में एक दिवसीय नशा मुक्ति जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल पर सवार होकर विद्यालय में पहुंचे। आज यह 147वां एक दिवसीय नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम था, जिसमें 348 विद्यार्थियों ने भाग लिया। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें नशा क्यों नहीं करना चाहिए, नशे के क्या दुष्प्रभाव हैं, इसका शरीर, परिवार, समाज और राष्ट्र पर क्या प्रभाव पड़ता है। सारी जानकारी गायन, कविताओं और विभिन्न ज्वलंत उदाहरणों के माध्यम से देते हुए कहा कि समाज और राष्ट्र विरोधी तत्व युवा पीढ़ी को नशे में धकेल रहे हैं और यह धन हमारे ही विरुद्ध राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में प्रयुक्त होता है। जागरूकता के शस्त्र के माध्यम से युवाओं को यह बताना अनिवार्य है, ताकि वह राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए स्वयं भी नशे से दूर रहे और अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करें।

## वल्लभ भाई पटेल जयंती पर होगा रन फॉर यूनिटी का आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**डीसी अनीश** यादव ने कहा कि 31 अक्तूबर को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर जिला करनाल और यहां के सभी उपमंडलों में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। आमजन की सक्रिय भागीदारी के साथ यह दौड़ देश की एकता व अखंडता को समर्पित होगी, जिसमें हर वर्ग की उल्लेखनीय भागीदारी रहेगी। यह बात डीसी अनीश यादव ने कम्युनिटी पुलिसिंग तथा आउटरीच कार्यक्रम हरियाणा के विशेष अधिकारी पंकज नैन के साथ रन फॉर यूनिटी को लेकर हुई वीडियो कांफ्रेंस के बाद सम्बंधित अधिकारियों के साथ सांझा की।



अनीश यादव ने बताया कि हर वर्ष की तरह 31 अक्तूबर को होने वाले इस कार्यक्रम में जिला के लोगों की प्रभावी जन भागीदारी रहेगी। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागी दौड़ लगाएंगे। यह दौड़ सुबह 7 बजे से शुरू होगी। प्रतिभागियों को सुबह साढ़े 6 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचना होगा। उन्होंने बताया कि रन फॉर यूनिटी के माध्यम से जिला करनाल वासी एक साथ देश की एकता व अखंडता का संकल्प लेते हुए दौड़ेंगे। सुबह 7 बजे हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया जाएगा। इस दौरान स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थी, नेहरू युवा केंद्र के युवा, सीनियर सिटीजन, महिलाएं तथा आम नागरिक समाज में एकता व भाईचारा का संदेश देते हुए रन फॉर यूनिटी में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि यह दौड़ राष्ट्रीय एकता का प्रतीक होगी, जिसमें प्रतिभागी अपने हाथ में तिरंगा लिए दौड़ लगाएंगे। डीसी ने बताया कि सभी उपमंडलों पर भी इस दौड़ का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की तैयारी के लिए सभी अधिकारी अभी से विभागीय स्तर पर तथा जन भागीदारी के साथ तैयारी शुरू कर दें।

## नवरात्रि पर हुआ डांडिया कार्यक्रम का आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**मेरा मिशन** स्वस्थ भारत के अंतर्गत योग कक्षा पार्क एनक्लेव सेक्टर तेरह में योग प्रमुख दिनेश गुलाटी के नेतृत्व में नवरात्री के अवसर पर डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें योग शिक्षकों, साधकों के साथ-साथ सैकड़ों लोगों ने हिस्सा लिया। सुबह के समय भी उत्सव का सा माहौल था।
कार्यक्रम की शुरूआत मां अंबे की आरती से की गई। लोग रंग बिरंगे वस्त्रों में सजकर डांडिया संगीत पर झुमने को तैयार थे। डांडिया धुन पर सभी ने उत्साह और उमंग के साथ थिरकते हुए उत्सव का आनंद लिया। हाथ में डांडिया लिए हुए सभी के पांव थिरके। दिनेश गुलाटी ने इस मौके पर कहा कि



नवरात्रि पर्व के नौ दिन माता की उपासना के दिन है और इसमें माता के सभी नौ रूपों की पूजा की जाती है। हमें अपनी परंपराओं से जुड़े रहना चाहिए और योग परिवार में हम सभी त्यौहार धूमधाम से मनाते हैं। योग द्वारा स्वास्थ्य के साथ ही मन और आत्मा की शांति के लिए उत्सव भी आवश्यक है। योग के दौरान शरीर और आत्मा का जुड़ाव तेजी से होता है। इससे पहले दिनेश गुलाटी ने योग का सत्र करवाया। इस अवसर पर सभी कक्षाओं के योग शिक्षक नीलम बटला ,निधि गुप्ता, बरखा जिंदल, बीना सेठ, बिना गोयल, रितु, ईशा मंगिया, इशा धवन, कोमल कंबोज, संगीता शर्मा, नवीन जिंदल, राजीव शर्मा, नरेश चौधरी, देवेश भाटिया उपस्थित रहे।

## 140 ग्राम अफीम सहित आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** एंटी नारकोटिक सेल की टीम द्वारा आरोपी हरभजन सिंह पुत्र राम सिंह वासी अंधेड़ा मोड होटल इकम फार्म करनाल को विश्वसनीय सूचना पर इकम होटल करनाल से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 140 ग्राम अफीम बरामद की गई। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना सदर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस पूछताछ में पाया गया कि आरोपी यह अफीम जिला शामली के पास उत्तर प्रदेश से एक ढाबा से खरीद कर लाया था। जिस व्यक्ति से आरोपी हरभजन यह अफीम लेकर आया था वह फिलहाल जेल में बंद है। आरोपी पर पहले भी जालसाजी और ठगी के करीब दो मुकदमे दर्ज हैं।

## चांद सराय व मंगल कॉलोनी में गलियों व नाला की होगी विशेष मरम्मत



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**महापौर** रेनू बाला गुप्ता ने सोमवार को शहर के वार्ड नम्बर 6 के चांद सराय व मंगल कॉलोनी में दो विकास कार्यों का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि राजेन्द्र सिरसी, कनिष्ठद्द अभियंता दीपक तथा कॉलोनी वासी उपस्थित रहे।
महापौर ने विकास कार्यों की जानकारी देते बताया कि चांद सराय में छोटी-छोटी करीब 17 गलियों की विशेष मरम्मत की जाएगी। जरूरत अनुसार कुछ जगहों पर नई इंटरलॉकिंग पेवर ब्लॉक टाईलें भी लगाई जाएंगी। उन्होंने बताया इनके साथ लगती एक अन्य छोटी गली को भी पक्का करने का काम किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन्हीं गलियों में करीब 700 फुट लम्बी नालियों का भी निर्माण किया जाएगा, ताकि बरसाती पानी की निकासी हो सके। इस कार्य पर अनुमानित साढे 9 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। आगामी 3 माह में निर्माण कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अतिरिक्त चांद सराय व मंगल कॉलोनी की मेन सडक पर मौजूद नाले की विशेष मरम्मत भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह नाला कुछ जगहों से क्षतिग्रस्त हो गया था तथा कुछ जगह स्लैब भी नहीं थी। अब इसकी मरम्मत करके इसे सही आकार दिया जाएगा, ताकि बरसाती पानी की पर्याप्त निकासी हो सके। मेयर ने बताया कि इस कार्य को पूर्ण करने में भी 3 माह का समय लिया गया है। इस कार्य पर 17 लाख रुपये खर्च आने का अनुमान है।
मेयर ने मौके पर मौजूद जेई को निर्देश दिए कि वह कार्य पर अपनी निगरानी बनाकर रखें और इसे समय पर पूरा करवाएं, ताकि वार्ड वासियों को इसका लाभ पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि दीपावली से पहले-पहले अधिकतम कार्य करवाने का लक्ष्य रखें। निर्माण एजेंसी को भी उन्होंने निर्देश दिए कि गलियों की मरम्मत अच्छे से की जाए, किसी प्रकार की कमी रहनी चाहिए।

## करनाल का रेलवे स्टेशन अपना समृद्ध इतिहास बयां कर रहा..

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**करनाल** का रेलवे स्टेशन इन दिनों यात्रियों व आमजन के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है और लगभग 131 वर्ष पहले शुरू हुआ यह स्टेशन अपना समृद्ध इतिहास बयां कर रहा है। स्टेशन का प्रत्येक भाग तिरंगा लाईटस व रंग बिरंगी रोशनी से सुसज्जित है। स्टेशन के सौंदर्यकरण की हर कोई तारीफ कर रहा है। सीओएस मोहिन्द्र सिंह ने बताया कि भारतीय रेलवे भारत के आर्थिक विकास का साक्षी और उत्प्रेरक रहा है। स्वतंत्रता आंदोलन में ट्रेनों और रेलवे स्टेशनों की अहम भूमिका रही है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस और अन्य स्वतंत्रता



सेनानी एक शहर से दूसरे शहर तक यात्रा ट्रेन से करते थे। इस प्रकार भारतीय रेलवे प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से स्वतंत्रता संग्राम से जुड़ी हुई है और आजादी में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इस ऐतिहासिक परंपरा को जन-जन तक पहुंचाने और आने वाली पीढि ?ों को स्टेशनों का ऐतिहासिक संदर्भ समझाने के लिए स्टेशन महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य रेलवे कर्मचारियों और स्थानीय लोगों को रेलवे स्टेशन के इतिहास यानी रेलवे स्टेशन की स्थापना से संबंधित जानकारी से अवगत कराना है। इन विभिन्न गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य स्टेशन के साथ लोगों के जुड़ाव को प्रदर्शित करना है। स्टेशन के बदले-बदले इस स्वरूप के बारे में सीओएस मोहिन्द्र सिंह ने बताया कि रेलवे स्टेशन करनाल 20 अक्तूबर से 26 अक्तूबर तक स्टेशन महोत्सव मना रहा है।
इस महोत्सव के तहत बेहतर सफाई व्यवस्था व सौंदर्यकरण के साथ साथ रेलवे के इतिहास को प्रदर्शित किया गया है। इसके लिए आमजन व यात्रियों का स्टेशन पर स्थापित संग्रहालय के माध्यम से ज्ञानवर्धन किया जा रहा है। संग्रहालय में उन सभी यंत्रों को जगह दी गई है, जिनके प्रयोग से रेलवे ने लंबा सफर तय किया है।

## नागरिक प्रॉपर्टी आई.डी. को करें स्व-प्रमाणित

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**हरियाणा** सरकार के शहरी स्थानीय निकाय विभाग की ओर से प्रदेश के सम्पत्ति कर दाताओं को छूट का लाभ देने के लिए अधिसूचना जारी की गई है। अधिसूचना के अनुसार सम्पत्ति कर दाता आगामी 31 दिसम्बर तक, वर्ष 2010-11 से 2022-23 तक के सम्पत्ति कर से जुड़े सभी बकायों की अदायगी करने पर समस्त ब्याज माफी का लाभ ले सकता है। ऐसा करने वाले नागरिक को सम्पत्ति कर एरियर पर भी 15 प्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा। लेकिन इसके लिए उसे अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. को स्व-प्रमाणित करना होगा। यह जानकारी नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने दी। उपरोक्त के अतिरिक्त सरकार की ओर से सभी कर दाताओं को, आगामी 15 नवंबर तक अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. को स्व-प्रमाणित करने पर, चालू वित्त वर्ष के बिलों पर भी 15 प्रतिशत की छूट का लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि देरी से भुगतान करने पर प्रति मास डेढ प्रतिशत की दर से ब्याज प्रभारित किया जाएगा।
कैसे करें प्रॉपर्टी आई.डी. को स्व-प्रमाणित- आयुक्त ने बताया कि नागरिक, एन.डी.सी. पोर्टल- पर अपनी सम्पत्ति कर आई.डी. डालकर उसे स्व प्रमाणित कर सकते हैं।

## बाल भवन में चल रही प्रतियोगिताओं का हुआ समापन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला बाल** कल्याण अधिकारी विश्वास मलिक ने जिला बाल कल्याण परिषद, बाल भवन में प्रतियोगिताओं के अंतिम दिन जिला स्तर पर आयोजित विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें ग्रुप डांस सोलो क्लासिकल डांस, देशभक्ति ग्रुप सोंग, दिया कैंडल डेकोरेशन व स्केचिंग ओन दा स्पॉट आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्यातिथि महापौर नगर निगम रेनू बाला गुप्ता ने दीप प्रज्वलित करके की। उन्होंने जिलेभर से इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी बच्चों को अपना आशीर्वाद व शुभकामनाएं दी और प्रतियोगिताओं में भाग लेने



वाले सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया।
जिला बाल कल्याण अधिकारी ने बताया कि आज सभी प्रतियोगिताओं में लगभग 700 बच्चों ने भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं में कक्षा अनुसार चार ग्रुप बनाए गए हैं, जिसमें कक्षा एक से पांचवीं तक प्रथम ग्रुप, छह से आठवीं तक द्वितीय ग्रुप, 9 से 10वीं तक का तृतीय ग्रुप और कक्षा 11वीं तथा 12वीं के बच्चे चतुर्थ ग्रुप में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर होने वाली प्रतियोगिताओं में प्रथम और द्वितीय स्थान हासिल करने वाले बच्चे आगे मंडल स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग ले सकेंगे। इस कड़ी में 26 अक्तूबर से 27 अक्तूबर तक मंडलीय स्तर की प्रतियोगिताएँ मण्डल करनाल में करवाई जायेंगी।
उन्होंने बताया कि मंडलीय स्तर की प्रतियोगिताओं में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चें राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। इसके अतिरिक्त अन्य सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे।
सरदार गुरविंदर सिंह विशेष अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। सभी सम्मानित निर्णायक मंडल सदस्य एवं बाल भवन के समस्त स्टाफ द्वारा इन प्रतियोगिताओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# केवल पार्क रामलीला: कुंभकरण व मेघनाथ वध का हुआ मंचन



















**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
केवल पार्क रामलील में रंगमंच पर शनिवार रात मेघनाथ वध, कुंभकरण वध आदि लीला का सुंदर मंचन किया गया। मंच पर जैसे ही लक्ष्मण की मूर्छा टूटने का समाचार रावण के दरबार में आया तो रावण बहुत क्रोधित हुए और उसका वध करने के लिए अपने भाई कुंभकरण के पास गए। छह महीनों से गहरी नींद में सोये कुंभकरण को नींद से उठाया जाता है। इसके बाद रावण कुंभकरण को राम से युद्ध करने की बात कहते है।

इस बीच रावण व कुंभकरण के बीच बड़े ही मार्मिक संवाद होते है।

**भगवान राम के हाथों कुंभकरण का हुआ वध:** कुल की शान रखने के लिए कुंभकरण युद्ध में जाता है और भगवान राम के हाथों उसका वध हो जाता है। इसके बाद रावण पुनः मेघनाथ को युद्ध में भेजते है और इससे पहले मेघनाथ अपनी कुल देवी की पूजा करने जाता है। यह सूचना जब भगवान राम के पास पहुंचती है तो वे लक्ष्मण व हनुमान जी को वहां भेजते है और मेघनाथ के हवन को सफल नहीं होने देते। इससे गुस्से में आए मेघनाथ और लक्ष्मण के बीच भंयकर युद्ध होता है और मेघनाथ भी मारा जाता है।

इसके बाद अहीरावण को भेजा जाता है जो राम-लक्ष्मण को मूर्छित कर पाताल में ले जाता है और चंडी की भेंट चढ़ाने को तैयार हो जाता है इतने में वहां हनुमानजी पहुंचते है और अहीरावण का वध कर राम-लक्ष्मण को उसकी कैद से ले आते है। यही रामलीला को विराम दिया जाता है।

**ये लोग रहे मौजूद:** पूर्व पार्षद नीलम बुद्धिराजा, पूर्व एपीएमसी चेयरमैन सुरेंद्र बुद्धिराजा, भाजपा नेता प्रीति पुरी, श्वेता बत्रा, ओमदत्त भारद्वाज आदि भारी संख्या में रामभक्त मौजूद रहे।

# मॉडल टाउन की रामलीला में हुआ कुंभकरण और मेघनाथ वध









**टीम एक्शन इंडिया/ नई दिल्ली**
**राजधानी** दिल्ली की प्रसिद्ध रामलीलाओं में शुमार मॉडल टाउन-॥ की श्री रामलीला कमेटी द्वारा भव्य रूप में प्रभु श्रीराम की लीला का मंचन किया जा रहा है।

**लीला में हुआ कुंभकरण और अहिरावण वध:** श्री रामलीला कमेटी, मॉडल टाउन की रामलीला में अनुभवी कलाकारों द्वारा प्रभु श्रीराम की लीला का मंचन किया जा रहा है।

सोमवार को लीला में कुंभकरण वध, मेघनाथ वध और अहिरावण वध का मंचन किया गया। वहीं, कलाकारों ने अपने सुमधुर प्रस्तुति से सभी दर्शकों का मन मोह लिया।

**आज मनाया जायेगा दशहरा उत्सव, निकाली जायेगी**



**विशाल शोभा यात्रा:** कमेटी के सीनियर वाईस चेयरमैन निर्भय नरूला ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री रामलीला कमेटी, मॉडल टाउन के द्वारा जहां एक ओर भव्य रूप में दशहरा उत्सव आज मनाया जायेगा, वहीं विशाल शोभा यात्रा भी आज निकाली जायेगी।

**ये लोग रहे मौजूद:** प्रभु श्री रामलीला कमेटी मॉडल टाउन के संस्थापक रमेश ग्रोवर, चेयरमैन अजीत चावला, सीनियर वाईस चेयरमैन और मंच संचालक निर्भय नरूला, प्रधान अजय विरमानी, महामंत्री बीआर अरोड़ा, कोषाध्यक्ष राकेश साहनी, वाईस चेयरमैन विशाल साहनी, वाईस चेयरमैन मुकेश मंगला, वाईस चेयरमैन हंसराज रेल्हन, वाईस चेयरमैन अमित मेहरा, वरिष्ठ उपप्रधान कैलाश बोबल, वरिष्ठ उपप्रधान हरबंस लाल ढींगडा, संयुक्त कोषाध्यक्ष मनमोहन क्वात्रा, अनन्त कुमार शर्मा सहित बड़ी संख्या में रामभक्त मौजूद रहे।

**जानकारी...**

**8 रामलीला कमेटी, मॉडल टाउन के द्वारा आज भव्य रूप में दशहरा उत्सव मनाया जायेगा।**









# 31 को लौह पुरुष वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर होगा 'रन फॉर यूनिटी' मैराथन का आयोजन

## मंगलवार प्रात: 7:00 बजे सेक्टर-12 खेल परिसर से शुरू होगी रन फॉर यूनिटी मैराथन

**फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )।**
**उपायुक्त विक्रम** सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन फरीदाबाद के द्वारा 31 अक्टूबर को देश के प्रथम गृह मंत्री भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती व राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया जाएगा।
मुख्यमंत्री कार्यालय में कम्युनिटी पुलिसिंग एवं आउटरीच कार्यक्रम के स्पेशल अधिकारी पंकज नैन की अध्यक्षता में आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उक्त आयोजन की तैयारियों को लेकर प्रदेश के सभी जिला उपायुक्तों के



साथ बैठक का आयोजन हुआ। उपायुक्त विक्रम ने कहा कि आज 31अक्टूबर को देश के प्रथम गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती है। जिसे राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में पूरे देश में मनाया जाता है। सरदार वल्लभ भाई पटेल जयंती पर उन्हें अखण्ड भारत के निर्माण की नींव रखने में अहम भूमिका निभाने पर उन्हें याद किया जाएगा। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में अविस्मरणीय योगदान दिया है। उनके सार्थक प्रयास और ठोस निर्णय से भारत एक बड़ा राष्ट्र बना। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत रन फॉर यूनिटी की शुरूआत सोमवार प्रातः 7:00 सेक्टर-12 स्थित खेल परिसर से होगी। उन्होंने बताया कि यह रन फॉर यूनिटी मैराथन सेक्टर-12 खेल परिसर से शुरू होकर सेक्टर 12- 15 डिवाइडिंग रोड से होते हुए वापस सेक्टर-12 खेल परिसर में संपन्न होगी।

# बुराई कितनी भी ताकतवर क्यों न हो, उसका अंत निश्चित : विजय प्रताप

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** कांग्रेस नेता विजय प्रताप सिंह रविवार को शहर में आयोजित अलग-अलग कार्यक्रमों में पहुंचे और माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। सेक्टर-21ए में आरडब्ल्यूए प्रधान गज बीबीराज नागर द्वारा आयोजित काली पूजा समारोह में भाग लिया और माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर उन्होंने 21 हजार रुपये का सहयोग प्रदान किया। वहीं, शिव दुर्गा विहार लककडपुर में पार्षद जितेन्द्र भड़ाना एवं आशुतोष द्वारा आयोजित मां दुर्गा पूजन कार्यक्रम में शिरकत की और 21 हजार रुपये का सहयोग प्रदान किया। उन्होंने कहा कि मां दुर्गा के पूजन से नकारात्मक ऊर्जा समाप्त होती है। व्यक्ति के जीवन में सुख-समृद्धि का वास होता है। देवी काली,



मां दुर्गा के अवतारों में से एक है। इसी दिन विजय प्रताप सिंह एन.एच.1 जे ब्लॉक में आयोजित लंका दहन कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे और कहा कि जिस प्रकार हनुमान जी ने अपनी पूंछ से पूरी लंका को जला दिया था, उसी प्रकार आज भी बुराई कितनी भी बड़ी क्यों न हो जाए, उसका अंत निश्चित है। इसलिए व्यक्ति को अपने जीवन में सत्कर्म करना चाहिए और कभी भी अपनी ताकत एवं पैसे का घमंड नहीं करना चाहिए। उन्होंने आयोजकों को 51 हजार रुपये का आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। 1 एच ब्लॉक में भी विजय प्रताप ने लंका दहन कार्यक्रम में हिस्सा लिया और एक लाख रुपये का आर्थिक सहयोग प्रदान किया।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस झंडा दिवस के दस दिवसीय कार्यक्रम के तहत गांव जाजरू के सरकारी स्कूल में शहीद पुलिसकर्मी सतबीर को अर्पित की श्रद्धांजलि



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** शहीदों को नमन कार्यक्रम के तहत शहीद पुलिस जवान "पुलिस झंडा दिवस" के उपलक्ष्य में फरीदाबाद पुलिस द्वारा दिनांक 21 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य के दिशा-निर्देश पर शहीद पुलिसकर्मी सिपाही सतबीर की याद में गांव जाजरू के सरकारी स्कूल फरीदाबाद में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां एसीपी मुझे सर सुधीर तनेजा ने शाहिद सतबीर को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उनके साथ वेलफेयर इंस्पेक्टर सतबीर सिंह, उप निरीक्षक महेश थाना सेक्टर 58 तथा पुलिस चौकी सीकरी की टीम मौजूद रही। गांव जाजरू स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सन 2006 में शहीद हुए पुलिस जवान सतबीर को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बता दें कि शहीद सतबीर फरीदाबाद के गांव जाजरू में रहते थे और उनकी पढ़ाई इसी राजकीय विद्यालय में हुई है। शहीद पुलिसकर्मी सतबीर को याद करते हुए उनसे जुड़ी सारी स्मृतियाँ ताजा हो गई। शहीदों को नमन कार्यक्रम के तहत शहीद पुलिस जवान सतबीर के चित्र पर पुष्प अर्पित करते एसीपी सुधीर तनेजा व अन्य गणमान्य लोगों ने पुलिसकर्मियों के साहस के साथ कर्तव्य के निर्वहन करने के बारे में अपना विचार प्रकट किया। शहीद जवान सतबीर के परिवार के सुख-समृधि की कामना की गई। इस कार्यक्रम के माध्यम से देशहित में प्राणों की परवाह किये बिना अपनी ड्यूटी को निभाने के लिए प्रेरित किया गया। अलग-अलग पृष्ठभूमि और स्थानों के शहीदों के बारे में बताते हुए वक्ताओं ने देशभक्ति के लिए सभी को प्रोत्साहित किया।

### करीना कपूर खान नजर आयेंगी अक्षय और आईपी सिंह की 'रांझण आया' में

**नई दिल्ली।** क्रिएटिविटी और कल्चरल श्रद्धा के एक महत्वपूर्ण संगम में, अक्षय और आईपी सिंह सोनी म्यूजिक के सहयोग से सदाबहार पंजाबी टप्पे- "रांझण आया" के अपनी परफॉर्मेंस के लॉन्च की अनाउंसमेंट करते हुए बेहद रोमांचित नजर आए। यह एक शानदार म्यूजिकल मास्टरपीस जो मसाबा के लग्जरी ब्राइडल लेबल, 'पटियाला पोर्ट्रेट्स' को दशार्ता है। इस कैंपेन में करीना कपूर खान की टाइमलेस एलिगेंस को दशार्या गया है।
"रांझण आया" क्लासिक पंजाबी लोक गीत की एक भावपूर्ण प्रस्तुति है, जिसमें "काला शाह काला" की प्रिय धुनें शामिल हैं, जो अक्षय और आईपी की कलात्मक कौशल का प्रमाण है। यह संगीतमय ओडिसी सहजता से विविध संगीत शैलियों और वाद्य यंत्रों की एक वाइब्रेंट टेपेस्ट्री को एक साथ बुनती है, जो विरासत की धुनों को कंटेम्प्रेरी धुनों के साथ सहजता से जोड़ती है। अपने मूल में, यह गीत पारंपरिक पंजाबी वैडिंग म्यूजिक की उत्साहपूर्ण भावना को समाहित करता है, एक सांस्कृतिक आधारशिला जिसने पीढ़ियों से अनगिनत समारोहों को खुशी और उत्साह से भर दिया है। "रांझण आया" के बोल गांव के आकर्षण और कंटेम्प्रेरी इंटरप्रेटेशन का एक शानदार मिश्रण हैं। यह फ्यूजन टाइमलेस मेलोडी में नई जान फूंकता है, एक फोक क्लासिक को एक ताजा और स्फूर्तिदायक रूप प्रदान करता है। यह गाना सीमाओं से परे है और श्रोताओं को पंजाबी संगीत विरासत की समृद्ध टेपेस्ट्री में डूबने के लिए आमंत्रित करता है।
संगीत-निमार्ता जोड़ी अक्षय और आईपी ने रिलीज पर अपना उत्साह शेयर करते हुए कहा कि , 'रांझण आया' और इसे जीवंत बनाने वाली कोलैब्रेशन जर्नी के बारे अपना उत्साह व्यक्त किया। ''रांझण आया' के लिए 'द मसाबा ब्राइड' के साथ कोलैबोरेट करना बेहद उत्साहजनक और क्रिएटिव प्रयास रहा। 'रांझण आया' के साथ हमारा लक्ष्य लोक संगीत और संस्कृति की समृद्ध विरासत को सम्मान देना है, जिसमें परंपरा को नवीनता के साथ सहजता से मिश्रित किया गया है। हाउस ऑफ मसाबा के कोलाब्रेशन से यह प्रोजेक्ट, टाइमलेस ट्रेडिशन के सार का जश्न मनाते हुए कलात्मक सीमाओं को आगे बढ़ाने के हमारे अटूट समर्पण का प्रतिनिधित्व करती है। ट्रैक के बारे में भावुकता से बात करते हुए, टैलेंटेड मसाबा ने कहा, अक्षय और आईपी ने गीतों में कलेक्शन नोट्स को खूबसूरती से छिड़कते हुए एक शादी की इमोशन को जीवंत कर दिया है। 'रांझण आया' और 'द मसाबा ब्राइड' को क्रिएट करना ट्रेडिशन को कंटेम्प्रेरी सुंदरता के साथ जोड़ने की एक खूबसूरत यात्रा रही है।

# हरपल भक्तों की रक्षा करने वाले चिंरजीव देव हैं हनुमान - राजेश नागर

## सेक्टर 85 बीपीटीपी डी ब्लॉक स्थित श्री बटेश्वर हनुमान मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा में बोले विधायक राजेश नागर

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
हनुमानजी कलियुग में ऐसे चिरंजीव देवता हैं जो अपने भक्त की हर पल रक्षा करते हैं। हनुमान जी भक्ति और सेवा के पर्याय हैं। यह बात विधायक राजेश नागर ने आज सेक्टर 85 बीपीटीपी डी ब्लॉक में कही जहां नवनिर्मित श्री बटेश्वर हनुमान मंदिर द्वारा आयोजित मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा में सम्मिलित हो रहे थे। यहां आयोजित विशाल भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद प्राप्त किया। विधायक राजेश नागर ने कहा कि कलियुग में देवताओं में यही हनुमानजी सर्वाधिक कृपा करने



वाले हैं क्योंकि यह भगवान को भी प्रसन्न कर लेते हैं और भक्त की भी कामनाओं की पूर्ति करते हैं। नागर ने कहा कि इस युग में भक्ति ही श्रेष्ठ आचरण है, भक्ति ही श्रेष्ठ सहारा है। हनुमान जी हमें बता रहे हैं कि हम भगवान की ओर उन्मुख हों। हमारे लिए यह बहुत ही अच्छा समय चल रहा है कि आज देश और प्रदेश में ऐसे दल की सरकार है जो धर्मपरायण है और धर्म के मार्ग पर चलने वाली है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर बन रहा है। जो जनवरी के माह में दर्शन के लिए उपलब्ध होगा। विधायक राजेश नागर ने कहा कि भाजपा की सरकारें जनसरोकारों को इसलिए पूरा कर पाती हैं क्योंकि वह राष्ट्रधर्म पर चलने वाली सरकारें हैं। हमें पता है कि जनता के लिए क्या अच्छा होगा।
भाजपा का कार्यकर्ता स्वयं को सबसे पीछे और देश को सबसे आगे रखता है। जैसे हनुमान जी ने नौलखा हार को त्याग कर केवल प्रभु श्रीराम की भक्ति मांगी थी वैसे ही भाजपा का दर्शन राष्ट्रप्रेम है। हमारी किस्मत है कि हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल जैसा नेतृत्व मिला है। जो जनहित में सभी निर्णय लेते हैं।
इस अवसर पर अजब सिंह चंदीला, नेत्रपाल चंदीला, अरविंद चंदीला, धर्मेंद्र चंदीला, सुरजीत बैसला, आयोजक एवं डी ब्लॉक आरडब्ल्यूए प्रधान ज्ञानेंद्र खटाना एडवोकेट, हरेंद्र सैनी, एसके खन्ना, गुरवीर, राजीव पांडे, एलडी मेहता, आदेश अग्रवाल, योगेश मलिक, मुकेश शर्मा, ई ब्लॉक आरडब्ल्यूए प्रधान सुरेंद्र चौहान, बी ब्लॉक आरडब्ल्यूए प्रधान सूरजभान, सी ब्लॉक आरडब्ल्यूए प्रधान भूपेंद्र डागर, आलोक, बलेश अधाना आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# इंसान को बहुत कुछ सिखाती है रामलीला: धर्मवीर भड़ाना

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
भगवान श्री राम मयार्दा पुरुषोत्तम हैं, उन्होंने जो मयार्दाएं स्थापित की है, उसे अपने जीवन में आधारित कर हमें अपने जीवन को आगे बढ़ाना चाहिए ताकि वह महान जीवन में एक बार फिर स्थापित हो सकें। यह विचार आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारणी के सदस्य धर्मवीर भड़ाना ने एन आई टी 86 विधानसभा क्षेत्र के नगला रोड पर आयोजित रामलीला में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए व्यक्त किए । उन्होने कहा कि हर वर्ष रामलीला का मंचन इसलिए किया जाता है कि समाज



को याद बना रहे कि प्रभु श्रीराम का जीवन संघर्षशील रहा। उनके जीवन से लोग सीख लें। रामलीला के माध्यम से भाई, पिता व पत्नी के प्रति प्रभु श्रीराम का प्यार किस तरह था यह हमें याद दिलाता है। बुराई के प्रति अच्छाई कैसे होती है। किस तरह प्रभु राम ने भगवान होते हुए भी साधारण मनुष्य का जीवन अपना कर पिता के आदेश पर 14 वर्ष का वनवास काटा।

### सड़क हादसे में एक युवक मौत, 3 घायल

**टीम एक्शन इंडिया /, दिनेश नौताना**
महेंद्रगढ़। गांव पाली स्थित हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के गेट नंबर एक समीप रविवार की देर रात को एक अनियंत्रित कार डिवाईड़र से टकरा गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई। जबकि चार युवक घायल हो गए हैं। मृतक की पहचान गांव मांडोला निवासी अजय के रूप में हुई हैं।
पुलिस को दी शिकायत में गांव मांडोला निवासी सचिन ने बताया कि रविवार की शाम को वह गांव निवासी रविंद्र, अजय व प्रदीप के साथ स्विफट कार में दादरी से महेंद्रगढ़ की ओर आ रहे थे। रविंद्र गाड़ी चला रहा था तथा वह साईड में आगे बैठा हुआ था। पीछे की सीट पर अजय और प्रदीप बैठे हुए थे।

# साइबर ठगी से बचने के लिए फरीदाबाद पुलिस की साइबर एडवाइजरी



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
जिला पुलिस ने नागरिकों को साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने के लिए एडवाइजरी जारी की है जिसमे नागरिकों से अपील की गई है कि यदि उनके किसी व्यक्ति द्वारा ठगी से उनके बैंक खाते से पैसे निकाल लिए गए हैं तो देरी नहीं करते हुए तुरंत प्रभाव से उस बैंक खाते से लिंक किए गए मोबाइल नंबर से गृह मंत्रालय द्वारा जारी 1930 नंबर पर फोन करें। जिस खाते में रकम गई है बैंक द्वारा उस खाते को सीज करके राशि वापस आपके बैंक खाते में आयेगा। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आजकल कुछ मिनट में ही लोन देने के लिए कुछ ऐप का इंटरनेट पर प्रचार किया जा रहा है जो किसी भी व्यक्ति को घर पर बैठे बैठे लोन उपलब्ध करवाने का लालच देती हैं और अपना शिकार बनाकर उसके साथ साइबर ठगी की वारदात को अंजाम देते हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की लोन एप से ग्राहक अपना बचाव करें तथा ऑनलाइन फ्रॉड होने पर 1930 डायल करें। नम्बर डायल करने के बाद खाते से राशि का लेन देने रोक दिया जाएगा। फ्रॉड के पैसे को जल्द ही दिलवाया जाएगा। साइबर अपराधियों के द्वारा नकली मैसेज भेजे जा रहे है। व्हाटसएप के माध्यम से घर बैठे पैसे कमाने का लालच देकर साइबर फ्रॉड हो रहा है। के.वाई.सी कराने को लेकर मैसेज जारी किए जा रहे है मैसेज में 24 घंटे का वक्त दिया जाता है और लिखा होता है कि अगर 24 घंटे में के.वाई.सी नही कराई तो आपका अकांउट बंद कर दिया जाएगा। साइबर अपराधी मैसेज में के.वाई.सी कराने के लिए अपने किसी साथी का मोबाईल फोन नंबर भी देते है ताकि सॉफ्ट टारगेट को चुन शिकार बना कर उन्हें ठगा जा सके।
मैसेज में दिए गए नंबरों पर जब उपभोक्ता उन नंबरों पर फोन करता है तो साइबर ठग उनको के.वाई.सी कराने का झांसा देकर उपभोक्ता को एप्लीकेशन डाउनलोड करने के लिए कहते है जैसे ही उपभोगता अपने मोबाईल फोन में उपरोक्त एप्लीकेशन डाउनलोड करते है तो साइबर अपराधी मोबाइल फोन को अपने मोबाईल से आपरेट कर पैसे निकाल लेते है।

# श्री महावीर दुर्गा मंदिर के स्थापना दिवस पर रामायण पाठ का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** ओल्ड फरीदाबाद पुरानी सब्जी मंडी स्थित श्री महावीर दुर्गा मंदिर के 35वें स्थापना दिवस पर रामायण पाठ का आयोजन किया गया। इस मौके पर मंदिर के प्रधान दिनेश छाबड़ा,सचिव तिलकराज ग्रोवर,सेवादार टोनी पहलवान,सुनील कुमार,चुन्नी लाल चोपड़ा,सतीश सेठी,संजय खण्डेलवाल,रिन्कू गर्ग,अमरनाथ सेठी,अनिल शर्मा और सेट्रल मार्किट कमेटी की पूरी टीम साथ मिलकर पंडित नरेश शास्त्री ने पूरे विधि विधाव से पूजा अर्चना की। इस अवसर पर प्रधान दिनेश छाबड़ा और सचिव तिलकराज



ग्रोवर ने बताया कि यह मंदिर लगभग 34 वर्ष पुराना है जिसका शिलान्यास वर्ष 1989 में संघण निवासी सभा के प्रधान स्व0.निरजंन दास छाबड़ा द्वारा तत्कालीन हरियाणा के उपमुख्यमंत्री डा0.मंगल सैन के कर कमलों से कराया गया था। उन्होनें बताया कि 24 अक्टूबर को दशमी के अवसर पर सुबह 9 बजे हवन और दोपहर 12 बजे भण्डारा होगा। इस मौके पर टोनी पहलवान ने बताया कि इस मंदिर में लोगों की विशेष आस्था जुड़ी हुई है। यहां आकर श्री महावीर दुर्गा मंदिर में मत्था टेकने वाले श्रृद्वालुओं की मन्नत माता रानी सदैव पूरी करती है। उन्होनें कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन होते रहने चाहिए जिससे 36 बिरादरी के लोगों में भाईचारे को बढ़ावा मिलता है।

# 'पुलिस सुरक्षा के बीच मनाया जाएगा दशहरे का पावन पर्व'

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।** पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने विजयदशमी के शुभ अवसर पर शहरवासियों को इस पावन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए त्योहार को हर्षोल्लास के साथ साथ शांतिपूर्वक तरीके से मनाने की हिदायत दी है। दशहरे के शुभ अवसर पर फरीदाबाद में कई स्थानों पर रावण दहन किया जाएगा। फरीदाबाद के तीनों जॉन एनआईटी, सेंट्रल तथा बल्लभगढ़ के दशहरा ग्राउंड व सेक्टर 16 सहित कई स्थानों पर समारोह का आयोजन किया जाएगा। विजयदशमी बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है जिसमें झांकियां निकालने के पश्चात



शाम के समय रावणदहन किया जाता है। रावण दहन में कई प्रकार की आतिशबाजी का प्रयोग किया जाता है जहां भरी मात्रा में भीड़ एक स्थान पर एकत्रित होती है। ऐसे अवसर पर भीड़ का फायदा उठाकर कुछ असामाजिक तत्व अफवाह फैलाकर भगदड़ मचाते हैं और सामाजिक शांति भंग करने की कोशिश करते हैं या किसी प्रकार का धार्मिक उन्माद फैलाकर तनाव की स्थिति पैदा कर सकते हैं। इससे निपटने के लिए फरीदाबाद पुलिस शहर के चप्पे-चप्पे पर मौजूद रहेगी और पुलिस सुरक्षा के बीच रावण दहन किया जाएगा। क्राइम ब्रांच की टीम सादी वर्दी में कार्यक्रम में उपस्थित रहकर उपद्रवियों पर निगरानी रखेगी। दशहरे के अवसर पर पुलिस की विशेष ड्यूटिया लगाई गई हैं जिसमें एसीपी स्तर के अधिकारी ड्यूटी इंचार्ज रहेंगे। पुलिस आयुक्त द्वारा सभी क्राइम ब्रांच, थाना व ट्रैफिक अधिकारियों व कर्मचारियों को विशेष दिशा निर्देश दिए गए हैं। फरीदाबाद पुलिस किसी भी प्रकार की विपरीत परिस्थिति से निपटने में पूरी तरह सक्षम है और यदि कोई भी कार्यक्रम में शांति भंग करने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ कानून के तहत सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। दशहरे के अवसर पर शहर में बहुत अधिक संख्या में वाहनों का आवागमन होता है जिसकी वजह से ट्रैफिक जाम की समस्या उत्पन्न हो सकती है। इसीलिए आमजन से अनुरोध है कि शाम के समय दशहरा कार्यक्रम स्थल के आसपास से जाने से बचें और अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए दूसरे रास्ते का चयन करें। इसके साथ ही बहुत अधिक भीड़ होने के कारण जेबकतरे इसका फायदा उठाकर लोगों के पैसे, पर्स या अन्य जरूरी सामान चोरी कर लेते हैं। आमजन से अनुरोध है कि भीड़ में जेब कतरों से सावधान रहें और अपनी वस्तुएं संभालकर रखें। फरीदाबाद पुलिस का आमजन से विशेष आग्रह है कि दशहरा कार्यक्रम में अपने बच्चों का विशेष ध्यान रखें क्योंकि भीड़ अधिक होने के कारण छोटे बच्चे भीड़ में खो जाते हैं और बाद में उनके साथ-साथ उनके माता-पिता को बहुत परेशानी उठानी पड़ती है। आमजन से अनुरोध है की गली मोहल्लों में किए जाने वाले रावण दहन में सुरक्षा उपकरणों जैसे की रेत, पानी इत्यादि का उचित प्रबंध करें।

# क्राइम ब्रांच ने गाड़ी में 458 किलोग्राम पटाखे सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
डीसीपी क्राइम हेमेंन्द्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में अपराधिक गतिविधियो पर अंकुश लगाने के लिए दिए गए दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच ऊंचा गांव प्रभारी राकेश कुमार की टीम के द्वारा अवैध पटाखों सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किया गया आरोपी मुकेश फरीदाबाद के एनआईटी का रहने वाला है। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से बल्लभगढ़ बस स्टैंड के पास से गाड़ी में रखें पटाखों सहित काबू किया है। आरोपी



से मौके पर 458 किलोग्राम पटाखे बरामद किए गए है। आरोपी के खिलाफ थाना सिटी बल्लभगढ़ एक्सप्लोसिव एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी से पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ड्राइवरी का काम करता है जो अपनी गाड़ी लेकर किसी काम से पलवल गया था। आरोपी दीवाली के मौके पर ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए पलवल से यह पटाखे खरीद कर लाया था, ताकि दीवाली पर उनको बेचकर ज्यादा धन कमा सके।

ACTION INDIA
एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 24 अक्टूबर 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# सुभाष रामलीला: कुंभकरण और मेघनाथ वध का हुआ मंचन

## सुभाष रामलीला ड्रामाटिक क्लब द्वारा पिछले 76 वर्षों से भव्य रामलीला का मंचन किया जा रहा: विष्णु भारद्वाज








**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**सुभाष** रामलीला ड्रामेटिक क्लब के तत्वाधान में भव्य रामलीला के नौवें दिन दर्शकों की भारी भीड़ को देखकर आयोजकों को विशेष व्यवस्था बनानी पड़ी। बाहरी दिल्ली की सबसे पुरानी रामलीला में हजारों की संख्या में राम भक्त दूरदराज के क्षेत्रों से रामलीला देखने पहुंच रहे हैं। लोग लीला मंचन का आनंद लेने के साथ विशाल मेले में झूलो का और जायकेदार खाने का भी लुत्फ उठाया।
रामलीला के नौवें दिन भारी भीड़ को देखकर आयोजकों को विशेष व्यवस्था बनानी पड़ी। सुभाष रामलीला के प्रधान विष्णु भारद्वाज ने बताया कि सुभाष रामलीला ड्रामाटिक क्लब द्वारा पिछले 76 वर्षों से भव्य रामलीला का मंचन किया जा रहा है। लेकिन इस बार दर्शकों का उत्साह कहीं ज्यादा है। रोज हजारों की संख्या में राम भक्त लीला देखने पहुंच रहे हैं। कल विजयदशमी के दिन हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा व रावण, मेघनाथ, कुंभकरण के पुतला दहन लीला का मुख्य आकर्षण रहेगा। नौवें दिन की रामलीला में कुंभकरण वध, मेघनाथ वध, हनुमान जी का संजीवनी बूटी लाने, सुलोचना सती का सुंदर मंचन किया गया। सुलोचना सती का शानदार मंचन देखकर दर्शकों की आंखें नम हो गई। वहीं कुंभकरण वअहिरावण वध का मंचन देखकर दर्शक कभी रोमांचित तो कभी भावुक हुए। आज की लीला का शुभारंभ सुप्रसिद्ध समाजसेवी कृष्ण दहिया ने दीप प्रज्वलित कर किया।

अपने संबोधन में उन्होंने भगवान राम के आदर्शों पर चलने का आह्वान करते हुए सुभाष रामलीला ड्रामाटिक क्लब के पदाधिकारियों को भव्य रामलीला आयोजन पर बधाई देते हुए सुभाष रामलीला के उज्जवल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि व अति विशिष्ट अतिथियों का स्वागत सम्मान सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब के पदाधिकारियों द्वारा पटका पहनाकर प्रतीक चिन्ह देकर किया गया।

**नौवे दिन की भव्य रामलीला में श्री राम ने कुंभकरण और लक्ष्मण ने किया मेघनाथ का वध:** आज की लीला में राम- कुंभकरण और लक्ष्मण मेघनाथ युद्ध का सुंदर मंचन किया गया। मंच पर जैसे ही कुंभकरण श्री राम से युद्ध करने आता वैसे ही जय श्री राम के जयकारे लगने शुरू हो जाते हैं। कुंभकरण व श्रीराम का भीषण युद्ध होता है अंत में श्री राम कुंभकरण का वध कर देते हैं। इसके बाद मेघनाथ युद्ध का मोर्चा संभालता है और लक्ष्मण से युद्ध करता है। और अंत में लक्ष्मण मेघनाथ का वध कर देते हैं। मेघनाथ वध की सूचना पाकर सुलोचना रो पड़ती है और वह सती हो जाती है। सुलोचना सती का शानदार मंचन देखकर दर्शकों की आंखें नम हो गई। इस मौके पर सुभाष रामलीला के संरक्षक लोकेश गर्ग, मोहनपुरी, प्रधान विष्णु भारद्वाज, उप प्रधान धर्मपाल वर्मा, उपप्रधान मोहित गुप्ता, महासचिव संजय बंसल, सचिव संदीप मंगला,लेखाकार अनिल कुमार गर्ग व शुभम रोहिल्ला, संगठन सचिव मुकेश बंसल, सुरेश गुप्ता ऑडिटर डॉ सचिन कौशिक डॉ. शुभम रोहिल्ला, विशेष सलाहकार भारत भूषण शर्मा, मैदान पर्यवेक्षक जयपाल रोहिल्ला, मोहित गौतम सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।





**विष्णु भारद्वाज, प्रधान, सुभाष रामलीला ड्रामेटिक क्लब**



**सुभाष** रामलीला ड्रामाटिक क्लब द्वारा 77 वीं भव्य रामलीला का मंचन टीवी व विभिन्न राज्यों के पेशेवर कलाकारों द्वारा किया जा रहा है। जिसे देखने के लिए हजारों की संख्या में दूर दराज के क्षेत्र से लोग पहुंच रहे हैं। कल विजयदशमी पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा व रावण, कुंभकरण मेघनाथ के पुतला दहन विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

**श्री कृष्णा दहिया, प्रसिद्ध समाजसेवी**



**आज** समाज में भगवान राम जैसे आज्ञा पालक पुत्र, भाई, पति एवं आदर्श शासक के संस्कारों को जिंदा रखने के लिए रामलीला मंचन अत्यंत जरूरी है। मुझे खुशी है कि सुभाष रामलीला 77 वर्षों से आज की पीढ़ी को मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम की लीला और उनकी शिक्षाओं से अवगत कराने में लगी है। इसके लिए सुभाष रामलीला की पूरी टीम बधाई की पात्र है।

# आदर्श नगर : श्रीराम ने कुंभकरण और लक्ष्मण ने मेघनाद का किया वध

## लोग भगवान राम की जीवन की लीलाओं को देख मंत्रमुग्ध हुए







**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**आदर्श नगर** रामलीला में रामलीला का भव्य मंचन हो रहा। दूर-दूर से लोग रामलीला का मंचन देखने आ रहे हैं और लोग भगवान राम की जीवन की लीलाओं को देख मंत्रमुग्ध हो रहे हैं। इसी बीच रामलीला में कुंभकरण को गहरी नींद से जगाया जाता है और रावण सारा घटनाक्रम कुंभकरण को बताता है। इस पर कुंभकरण, रावण से कहता है कि श्रीराम नारायण के अवतार और सीता स्वयं मां जगदंबा हैं। भगवान विष्णु ने राक्षसों का नाश करने के लिए अयोध्या में नर रूप में जन्म लिया है। इस पर रावण क्रोधित हो जाता है। यह देख कुंभकरण, श्रीराम के हाथों मरना उचित समझता है और युद्ध में लड़ने के लिए चला जाता है। श्रीराम-कुंभकरण में भयंकर युद्ध होता है। अंत में कुंभकरण मारा जाता है।

**मंचन**

**8 कुंभकरण, रावण से कहता है कि श्रीराम नारायण के अवतार और सीता स्वयं मां जगदंबा हैं।**

वध के बाद मेघनाद युद्ध में जाता है। इसके बाद मेघनाथ युद्ध का मोर्चा संभालता है और लक्ष्मण से युद्ध करता है। और अंत में लक्ष्मण मेघनाथ का वध कर देते हैं। मेघनाथ वध की सूचना पाकर सुलोचना रो पड़ती है और वह सती हो जाती है। सुलोचना सती का शानदार मंचन देखकर दर्शकों की आंखें नम हो गई।
लक्ष्मण वानरों की सेना समेत निकुमला देवी का यज्ञ विध्वंस कर देते हैं। लक्ष्मण मेघनाथ के बीच में भयंकर युद्ध होता है। बाद में लक्ष्मण मेघनाद का वध कर देते है। सुलोचना मेघनाथ का सिर गोद में रखकर सती हो जाती हैं। मंगलवार को लीला का यही पर विराम दिया गया।



**मास्टर जय किशन, चेयरमैन, आदर्श कला रचनात्मक संगठन**



**आदर्श नगर रामलीला का** भव्य मंचन टीवी व विभिन्न राज्यों के पेशेवर कलाकारों द्वारा किया जा रहा है। आदर्श नगर की रामलीला को अगर एक शब्द में कहें तो लाजवाब। पूर्र कार्यकारिणी को बधाई जो वृहद व भव्य स्तर पर रामलीला का आयोजन करते है।

**प्रकाश चंद अग्रवाल, प्रसिद्ध समाजसेवी**



**आदर्श नगर रामलीला का** भव्य मंचन टीवी व विभिन्न राज्यों के पेशेवर कलाकारों द्वारा किया जा रहा है। लोग दूर-दूर से आदर्श नगर की रामलीला देखने आते हैं और तारीफ करते नहीं थकते। मैं पूरे कार्यकारिणी को भव्य व सफल रामलीला के लिए बधाई देता हूं और आशा करता हूं कि आदर्श नगर की रामलीला इसी तरह भव्य रामलीला का आयोजन करेगी।




